शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 161 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 06 जुलाई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## हाथरस भगदड़: पीड़ितों के साथ है कांग्रेस: राहुल

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी हाथरस और अलीगढ़ के पीड़ित परिवारों से मिले, बीजेपी ने साधा राहुल पर निशाना

**हाथरस**
**लोक**सभा में नेता विपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को हाथरस भगदड़ कांड के प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। राहुल गांधी ने उनसे मिलकर उनका दर्द बांटा और साथ खड़े होने का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रशासन को इस घटना का दोषी करार देते हुए इस मामले को संसद में उठाने का भरोसा दिया। राहुल गांधी ने आगरा रोड विभव नगर नबीपुर खुर्द स्थित ग्रीन पार्क में सत्संग के दौरान भगदड़ में घायल और मृतकों के परिजनों से मुलाकात की। राहुल ने आशा देवी, मुन्नी देवी और ओमवती के परिवारीजनों से मुलाकात की और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। पीड़ितों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि हाथरस भगदड़ कांड में प्रशासन की कमी तो रही। गलतियां हुई हैं, उनका पता लगाना चाहिए। आर्थिक मदद ज्यादा से ज्यादा मिलनी चाहिए। ये गरीब परिवार थे। मैं यूपी के सीएम से अनुरोध करता हूं कि वो दिल खोलकर आर्थिक मदद दें। पीड़ित परिवारों से मिलने के बाद राहुल गांधी दिल्ली के लिए रवाना हो गए। इससे पूर्व दिल्ली से सड़क मार्ग से राहुल गांधी अलीगढ़ जनपद के अकराबाद के गांव पिलखना पहुंचे। जहां राहुल गांधी ने हाथरस सत्संग के दौरान भगदड़ में मारे गए परिवारों से मुलाकात की। इनमें मंजू पत्नी छोटेलाल, पंकज पुत्र छोटेलाल, प्रेमवती और शांति देवी पत्नी विजय सिंह से मिले और पीड़ित परिवारों से मिलकर उनका दुख दर्द बांटा। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, सांसद इमरान मसूद के साथ स्थानीय पार्टी पदाधिकारी व कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि हाथरस के सिकंदराराऊ के फुलरई मुगल गढ़ी में मंगलवार को सूरज पाल उर्फ भोले बाबा के सत्संग के बाद मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हुई है।

घटना के बाद सबसे पहले सरकार के तीन मंत्री राहत कार्यों के लिए पहुंचे थे। अगले ही दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस आकर घायलों का हाल जाना था और घटनास्थल का भी दौरा किया था।





### हृदय विदारक दुर्घटना पर राजनीति कर रही कांग्रेस: बीजेपी

**नई दिल्ली**
**कां**ग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार को हाथरस भगदड़ कांड के पीड़ितों तथा उनके परिजनों से मिले। भारतीय जनता पार्टी ने राहुल गांधी की इस मुलाकात को राजनीति से प्रेरित बताया है। भाजपा ने कहा कि राहुल गांधी अत्यंत हृदय विदारक घटना पर राजनीति कर रहे हैं जबकि यह अत्यंत संवेदनशील मामला है। शुक्रवार को भाजपा प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी जब से संसद में विपक्ष के नेता बने हैं, वह भय और भ्रम की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने संसद में अग्निवीर मुद्दे पर झूठ बोला।

### राहुल गांधी राजनीति के लिए गए थे हाथरस: बेबी रानी

**झांसी**
**हाथरस** भगदड़ की घटना पर सियासत भी शुरू हो गई है। विपक्ष भाजपा सरकार पर हमलावर है तो बीजेपी सरकार विपक्ष पर राजनीति करने का आरोप लगा रही है। राहुल गांधी के हाथरस पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात करने को लेकर योगी सरकार में मंत्री बेबी रानी मौर्य का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि वह सिर्फ अपनी राजनीति के लिए गए थे। बेबी रानी मौर्य ने कहा, "मुख्यमंत्री ने रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में कमेटी गठित की है। कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वह (राहुल गांधी) सिर्फ अपनी राजनीति के लिए गए थे।" उन्होंने कहा कि जब इतने बड़े आयोजन होते हैं तो सरकार और प्रशासन को सोचना पड़ता है कि अनुमति दी जाए या नहीं। मेरा मानना है कि इतने बड़े आयोजन नहीं होने चाहिए जहां जानमाल की हानि की आशंका हो।

## पांच शावकों के साथ कूनो नेशनल पार्क में देखी गई चीता गामिनी

**नई दिल्ली**
मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में चीता गामिनी अपने पांच शावकों के साथ सुबह बारिश का आनंद लेते देखी गई।
पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस क्षण का एक वीडियो भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया है। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि वे प्रकृति के मौसमी आलिंगन के बीच पारिवारिक सद्भाव की एक कालातीत कहानी बुन रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के त्वालु कालाहारी रिजर्व से लाई गई पांच वर्षीय मादा चीता गामिनी ने 10 मार्च, 2024 को 5 शावकों को जन्म दिया था। इससे भारत में जन्मे शावकों की संख्या 13 हो गई है। यह भारतीय धरती पर चौथा चीता वंश है और दक्षिण अफ्रीका से लाया गया चीता का पहला वंश है। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में शावकों सहित चीतों की कुल संख्या 26 है।

## विजय जुलूस के बाद कचरे का ढेर छोड़ गए लोग

**मुंबई**
टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का गुरुवार को मुंबई में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान टीम इंडिया ने मुंबई के प्रसिद्ध मरीन ड्राइव से वानखेड़े स्टेडियम तक खुली बस में बैठकर विजय जुलूस निकाला। इस दौरान लाखों की भीड़ उमड़ी। हालांकि जब समारोह समाप्त हुआ और भीड़ छंटी तो सड़कों पर दिखा गंदगी और कचरे का अंबार। खिलाड़ियों के स्वागत में उमड़ी भीड़ मरीन ड्राइव पर इतनी बड़ी संख्या में जूते-चप्पल और पानी की खाली बोतलें छोड़ गई कि उनसे सात गाड़ियां भर गईं। मुंबई के नगर निगम बीएमसी ने शुक्रवार को बताया कि विजय परेड के बाद गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात को मरीन ड्राइव इलाके में सफाई अभियान चलाया।

सड़क पर कचरे का ढेर था और बड़ी संख्या में जूते-चप्पल और पानी की खाली बोतलें बिखरी पड़ीं थी। बीएमसी ने सारा कचरा इकट्ठा किया और इस कचरे को दो डंपर और पांच जीप गाड़ियों में भरकर रिसाइकलिंग प्लांट भेजा गया। बीएमसी का कहना है कि कबाड़ को डंपिंग ग्राउंड भेजने के बजाय रिसाइकलिंग प्लांट भेजा गया।

## ओलंपिक के लिए जा रहे खिलाड़ियों से मिले पीएम मोदी

**नई दिल्ली**
पेरिस ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों की रवानगी से पहले पीएम मोदी ने उनसे शुक्रवार को खास मुलाकात की और उन्हें विजय मंत्र दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से ओलंपिक 2036 की मेजबानी की भारत की दावेदारी कामयाब रहने को लेकर पेरिस में व्यवस्थाओं का अनुभव साझा करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से व्यक्तिगत और आनलाइन बातचीत में कहा कि उनके द्वारा साझा की जाने वाली जानकारी 2036 ओलंपिक की मेजबानी का दावा मजबूत करने में काम आएगी। प्रधानमंत्री ने कहा, "भारत की कोशिश है कि हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करें। इससे भी बड़ा माहौल बनता है और हम प्रयास कर रहे हैं। बुनियादी ढांचा तैयार करने पर विशेषज्ञ काम कर रहे हैं।" "मैं ओलंपिक से पहले नहीं लेकिन बाद में वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने का आपसे आग्रह करूंगा । आप लोग भी खेल के बाद वहां व्यवस्थायें क्या हैं , उसे देखें । खिलाड़ियों से जो इनपुट मिलेगा , वह 2036 के लिये काम आयेगा। आप यह देखकर आयेंगे तो हमें बहुत सुविधा होगी।" पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जाएंगे। भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन टोक्यो ओलंपिक में रहा है जिसमें भालाफेंक में नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण समेत सात पदक जीते।

## मोदी की रूस यात्रा से पहले 35 हजार एके-203 राइफलें रक्षा मंत्रालय को मिलीं



### एके-200 सीरीज की असॉल्ट राइफलों का उत्पादन करने वाला पहला देश बना भारत

**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूस यात्रा पर जाने से ठीक पहले दोनों देशों के बीच एक संयुक्त उद्यम इंडो-रूसी राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड (आईआरआरपीएल) ने 35 हजार एके-203 असॉल्ट राइफलें रक्षा मंत्रालय को सौंप दी हैं। रूस के रोस्टेक राज्य निगम रोबोरोनएक्सपोर्ट ने शुक्रवार को कलाश्निकोव राइफलें सौंपने का आधिकारिक रूप से ऐलान किया। प्रधानमंत्री मोदी 08-10 जुलाई को रूसी संघ और ऑस्ट्रिया गणराज्य की आधिकारिक यात्रा करेंगे। वह 22वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। रूस के सहयोग से उत्तर प्रदेश के अमेठी स्थित कोरवा ऑर्डिनेंस फैक्टरी में एके-203 राइफलों का निर्माण करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 3 मार्च, 2019 को इस योजना का औपचारिक उद्घाटन किया था। लगभग एक दशक तक इंतजार के बाद अमेठी की इस आयुध फैक्टरी में पिछले साल जनवरी में एके-203 असॉल्ट राइफलों का उत्पादन शुरू हुआ था। एके-203 असॉल्ट राइफल 7.6239 मिमी कारतूस के लिए बनाई गई एके-200 राइफल का एक संस्करण है। इसी के साथ भारत विश्व प्रसिद्ध ब्रांड कलाश्निकोव की एके-200 सीरीज की असॉल्ट राइफलों का उत्पादन शुरू करने वाला पहला देश बन गया।

## 11 अगस्त को होगी नीट पीजी परीक्षा: एनटीएम

**नई दिल्ली**
नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली नीट-पीजी परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। एजेंसी ने परीक्षा की तिथि 11 अगस्त तय की है। एजेंसी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह दो पालियों में आयोजित की जाएगी। 23 जून को होने वाली नीट-पीजी परीक्षा को यूजी परीक्षा के लिए लीक हुए पेपर सहित कथित अनियमितताओं को लेकर विवाद के बीच शुरू होने से कुछ घंटे पहले स्थगित कर दिया गया था।

**परीक्षा प्रक्रिया की मजबूती की जांच करना चाहता था शिक्षा मंत्रालय**
परीक्षा रद्द होने के बाद एनबीई के अध्यक्ष डॉ. अभिजात सेठ ने कहा था कि यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि शिक्षा मंत्रालय परीक्षा प्रक्रिया की मजबूती की जांच करना चाहता था और यह आश्वासन प्राप्त करना चाहता था कि इस प्रक्रिया में कोई कमजोरी नहीं है। उन्होंने कहा कि एनबीई पिछले सात वर्षों से नीट-पीजी का आयोजन कर रहा है और बोर्ड की सख्त एसओपी के कारण अब तक पेपर लीक की कोई रिपोर्ट नहीं आई है।

## टैरिफ प्लान में बढ़ोतरी के लिए केंद्र और ट्राई जिम्मेदार: सुरजेवाला

**नई दिल्ली**
देश की तीन निजी टेलीकॉम कंपनियों (रिलायंस जियो, वोडाफोन आइडिया और एयरटेल) द्वारा मोबाइल फोन के टैरिफ प्लान में बढ़ोतरी किए जाने पर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने केंद्र सरकार और नियामक एजेंसियों की भूमिका पर सवाल उठाया है।
कांग्रेस मुख्यालय में शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान सुरजेवाला ने कहा कि टेलीकॉम कंपनियों ने बगैर सरकारी अनुमति के इतना बड़ा फैसला कैसे ले लिया।

## टीम इंडिया ने धैर्य और आत्मविश्वास दिखाया: मोदी

**नई दिल्ली**
टी20 विश्व कप 2024 जीतने के बाद गुरुवार को भारतीय टीम देश लौटी थी। देश वापसी के बाद टीम ने प्रधानमंत्री आवास पर पीएम मोदी से मुलाकात की थी। अब प्रधानमंत्री मोदी और टीम इंडिया के खिलाड़ियों के बीच बातचीत का वीडियो सामने आया है। इस दौरान वहां पूर्व कोच राहुल द्रविड़, बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने टीम इंडिया को संबोधित करते हुए कहा- यह हमारे लिए खुशी की बात है कि आपने देश को उत्साह से भी और उत्सव से भी भर दिया। देशवासियों की सारी आशा-अपेक्षाओं को आपने जीत लिया है। मेरी तरफ से बहुत-बहुत बधाई आपको। आमतौर पर मैं देर रात दफ्तर में काम करता रहता हूं। लेकिन इस बार हमारी टीम फाइनल खेल रही थी तो ध्यान केंद्रित नहीं हो रहा था काम में। आपलोगों ने शानदार टीम स्पिरिट को भी दिखाया है, टैलेंट को भी दिखाया और आपमें धैर्य नजर आ रहा था। मैंने देखा कि आप में धैर्या था, हड़बड़ी नहीं थी। आपलोग आत्मविश्वास से भरे दिख रहे थे। मेरी तरफ से आप लोगों को बहुत-बहुत बधाई।



**द्रविड़ ने क्या कहा**
इस मौके पर द्रविड़ ने कहा- मैं आपका शुक्रिया अदा करना चाहूंगा कि आपने हमें आपसे मिलने का मौका दिया। मैं कहना चाहूंगा कि अहमदाबाद में हमारे वनडे विश्व कप फाइनल मैच के दौरान आप वहां भी आए थे। हम वो मैच हारे थे। मैं मानता हूं हमारे लिए वह समय उतना अच्छा नहीं था। इसलिए हम बहुत खुश हैं कि हम आज इस खुशी के मौके पर आपसे मिल पाए। मैं बस इतना कहना चाहूंगा कि रोहित और इन सभी लड़कों ने टी20 विश्व कप फाइनल समेत कई मैचों में जो जुझारूपन दिखाया है, जो कभी हार न मानने वाला रवैया दिखाया है।

## अगस्त तक ही चलेगी मोदी सरकार: लालू

**पटना**
राष्ट्रीय जनता दल का 28वां स्थापना दिवस है। राजद कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव समेत कई वरीय नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने लालू और तेजस्वी यादव का भव्य स्वागत किया। दोनों को चांदी का मुकुट पहनाया गया। 28वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लालू प्रसाद यादव कि हमलोगों ने 'पिछले 27 सालों में काफी उतार चढ़ाव देखे हैं। उतार-चढ़ाव के कारण राजद मजबूत हुआ है। तेजस्वी के नेतृत्व में आगे की लड़ाई को लड़ेंगे। लालू प्रसाद ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बहुत कमजोर है।

## नीट: पूरी परीक्षा को रद्द करना तर्कसंगत नहीं: केंद्र

**नई दिल्ली**
नीट परीक्षा को लेकर दाखिल की गई याचिकाओं पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब दाखिल किया है। एनटीए ने दाखिल किए गए हलफनामे में कहा है कि कई राज्यों में पेपर लीक की शिकायतें मिली हैं। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है, जिसमें कई गिरफ्तारियां भी की गई हैं। एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि इस मामले में जांच एजेंसी की ओर से पेपर लीक करने के पीछे के संगठित गिरोह और सरगना का पता लगाने के लिए जांच जारी है। एनटीए ने कहा है कि पेपर लीक की सूचना मिलते ही सरकार ने कदम उठाए हैं। एनटीए ने कहा है कि परीक्षा रद्द करना उचित नहीं है, क्योंकि यह होनहार छात्रों के साथ धोखा होगा।




नीट से संबंधित सभी याचिकाओं पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच 8 जुलाई को सुनवाई करेगी। नीट के मामले में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने भी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर विभिन्न हाई कोर्ट में इससे संबंधित सभी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट इससे जुड़े विभिन्न हाई कोर्ट में लंबित याचिकाओं पर रोक लगा दी है। इस याचिका पर भी 8 जुलाई को सुनवाई होनी है। नीट से संबंधित कुछ याचिकाओं में पेपर लीक की सीबीआई जांच करने, नीट परीक्षा को निरस्त कर दोबारा परीक्षा कराने, ओएमआर शीट से संबंधित शिकायतों के अलावा नीट की परीक्षा फिर से कराये जाने के खिलाफ भी सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की गई हैं।

## भाजपा ने बदले राज्यों के प्रभारी



**नई दिल्ली**
लोकसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) ने संगठन में बड़ा फेर बदल किया है। शुक्रवार को पार्टी ने 24 राज्यों/ केन्द्र शासित प्रदेशों के संगठन प्रभारियों और सह प्रभारियों में बदल या नई नियुक्ति की है। पार्टी कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नई नियुक्तियों की घोषणा की है। इसमें राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ को केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू एवं कश्मीर और लद्धाख का प्रभारी बनाया गया है। महासचिव विनोद तावड़े को बिहार का संगठन प्रभारी बनाया गया है और सांसद दीपक प्रकाश को सहप्रभारी बनाया गया है। अंडमान और निकोबार में रघुनाथ कुलकर्णी को प्रभारी बनाया गया है।
अरुणाचल प्रदेश में विधायक अशोक सिंघल को प्रभारी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में विधायक नितिन नबीन को प्रभारी बनाया गया है। गोवा में आशीष सूद को प्रभारी बनाया गया है। हरियाणा में डॉ. सतीश पूनिया को प्रभारी और सुरेन्द्र सिंह नागर को सह प्रभारी बनाया गया है। हिमाचल में विधायक श्रीकांत शर्मा को प्रभारी बनाया गया है और संजय टंडन को सह प्रभारी बनाया गया है। महासचिव डॉ. राधा मोहन अग्रवाल को कर्नाटक का प्रभारी बनाया गया है। पूर्व मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को केरल का प्रभारी बनाया गया है और अपराजिता सारंगी को सह प्रभारी बनाया गया है।

पंजाब में विजयभाई रूपाणी को प्रभारी बनाया गया है । उत्तराखंड में दुष्यंत कुमार गौतम को प्रभारी और रेखा वर्मा को सह प्रभारी बनाया गया है। नागालैंड और मेघालय में अनिल एंटनी को प्रभारी बनाया गया है। झारखंड में लक्ष्मीकांत बाजपेयी को प्रभारी बनाया गया है। मध्य प्रदेश में एमएलसी महेन्द्र सिंह को प्रभारी और सतीश उपाध्याय को सह प्रभारी बनाया गया है।

### देश की आजादी के 75 साल बाद भी पिछली सरकारों ने अंग्रेजों के बनाए हुए कानून नहीं बदले

## पीएम मोदी के नेतृत्व में देश तीव्र गति से कर रहा है विकास: मुख्यमंत्री नायब

**चंडीगढ़**
**हरियाणा के मुख्य**मंत्री नायब सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में भारत का नाम विश्व में रौशन हुआ है और आज देश तीव्र गति से विकास कर रहा है। जबकि आजादी के 60 वर्षों के बाद तक भी एक ही पार्टी का शासन रहने के बावजूद भी जिस गति से विकास होना चाहिए था उस गति से विकास नहीं हुआ। मुख्यमंत्री उनके निवास स्थान संत कबीर कुटीर पर डेरा बाबा बुमन शाह सिरसा के बाबा ब्रह्म दास की अगुवाई में आए कांबोज समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर कांबोज समाज के प्रतिनिधियों ने 31 जुलाई को डेरा बाबा बुमन शाह सिरसा में मनाए जाने वाले शहीद उद्यम सिंह के बलिदान दिवस पर आने का निमंत्रण दिया, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। नायब सिंह ने कहा कि जिस व्यक्ति ने अपना पूरा जीवन मां भारती को समर्पित किया उस व्यक्ति के बलिदान दिवस पर शामिल होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। सरदार उद्यम सिंह के जीवन से युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए और समाज हित में कार्य करना चाहिए।



उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग में हुए हत्याकांड का बदला लेने का संकल्प बहादुर बालक सरदार उद्यम सिंह ने लिया और उन्होंने लंदन में जनरल डायर को गोली मारकर अपने इस संकल्प को पूरा किया।

**देश की आजादी के 75 साल बाद भी पिछली सरकारों ने अंग्रेजों के बनाए हुए कानून नहीं बदले**
नायब सिंह ने कहा कि देश को आजाद हुए 75 वर्ष हो गए और आज तक भी हम अंग्रेजों के बनाए हुए कानूनों का बोझ ढो रहे थे, पिछली सरकारों ने कानून बदलने पर कभी ध्यान ही नहीं दिया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अंग्रेजों के जमाने के चले आ रहे कानूनों को बदलने का काम किया है और 1 जुलाई, 2024 से नए कानून लागू भी हो गए हैं। इसी प्रकार, सीएए का कानून भी लाया गया जो पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में भारतीय मूल के अल्पसंख्यक लोगों को भारत की नागरिकता देने का काम करता है।

## लखनऊ, जयपुर और तिरुवनंतपुरम में बनेंगे तीनों सेनाओं के थिएटर कमांड

**नई दिल्ली**
तीनों सेनाओं के सशस्त्र बल कर्मियों के बीच अधिक एकजुटता के लिए पिछले साल नया सैन्य कानून लागू होने के एक साल बाद अब थिएटर कमांड बनाने का रास्ता साफ हो गया है। रक्षा मंत्रालय ने लखनऊ, जयपुर और तिरुवनंतपुरम को मुख्यालय के रूप में चुना है। जयपुर में वेस्टर्न थिएटर, लखनऊ में उत्तरी थिएटर और तिरुवनंतपुरम में मैरीटाइम थिएटर की स्थापना की जाएगी। इनके गठन प्रक्रिया में रक्षा मंत्रालय ने लखनऊ, जयपुर और तिरुवनंतपुरम में तीन स्थानों को उनके मुख्यालय के रूप में चिह्नित किया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को

## माननीय जनपद न्यायाधीश ने 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज संतोष राय द्वारा शुक्रवार को दिनांक 13.7.2024 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु जनपद न्यायालय परिसर, प्रयागराज से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार वाहन के साथ समस्त बैंकों के प्रबंधजगण व जिला अग्रणी प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा उपस्थित रहे। प्रचार वाहन साथ पराविधिक स्वयंसेवक ने पूरे शहर में लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया। इस मौके पर रविकांत नोडल ऑफिसर लोक अदालत/ एडीजे व रजनीश कुमार मिश्रा प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ एडीजे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। दिनांक 13.7.2024 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार पूरे जनपद में किया गया तथा दिनांक 10 जुलाई से 12 जुलाई तक आयोजित पेटी ऑफिंस की विशेष लोक अदालत के बारे में आम जनता को बताया गया। समस्त जनमानस से अनुरोध है, कि पेटी ऑफिंस की विशेष लोक अदालत दिनांक 10 जुलाई से 12 जुलाई में अपने वादों को नियत कर निस्तारित कराए तथा दिनांक 13.7.2024 आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मुकदमे को चिन्हित कर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित हो कर उसका निस्तारण कराए। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम द्वारा प्रदान की गई।

### मिष्ठान दुकानदार को गोली मारने की कोशिश में वांछित एक आरोपी और एक अन्य को पुलिस ने भेजा जेल

**मऊआइमा।** मऊआइमा के सुल्तानपुर खास स्थित हाईवे पर मिष्ठान की दुकान चलाने वाले मुकेश कुमार पुत्र लालजी जायसवाल पर 26 फरवरी 23 को शाम के समय गोली मारी गई थी।गोली मिस हो जाने पर तमंचा के बट से उसके भाई लव कुश को मार कर जख्मी कर दिया गया था। मुकेश ने मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने पूर्व में फखरे आलम, इकरार, अमजद को जेल भेज चुकी है। जबकि फरार चल रहे सलमान पुत्र रमजान ग्राम पितईपुर मान्धाता प्रतापगढ़ को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। जबकि गुरूवार को युवक पर कातिलाना हमले का आरोपी सलमान पुत्र हददू ग्राम रूदापुर फाफामऊ को जेल भेज गया।

### युवक पर कातिलाना हमला कर अदमरा करने पर छह नामजद पांच अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, एक गिरफ्तार भेजा गया जेल

**मऊआइमा।** मऊआइमा फ्लाइओवर ब्रिज के पास युवक पर कातिलाना हमला बोल कर अधमरा करने के मामले में पुलिस ने छह नामजद पांच अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रतापगढ़ रानी गंज के नरसिंहगढ़ निवासी जलील अहमद 25वर्ष पुत्र मोहम्मद नसीम अपने दोस्त मोहम्मद मकसूद पुत्र मोहम्मद सिद्दीक ग्राम रामपुर बजहा मान्धाता निवासी के साथ बाइक से मऊआइमा जरूरी काम से गुरूवार को आया था। बताया गया है कि पुरानी रंजिश को लेकर मोहम्मद जलील को मार पीट कर अधमरा कर दिया गया था।जिसका उपचार स्वरूप रानी अस्पताल में चल रहा है। गंभीर रूप से जख़्मी मोहम्मद जलील के भाई मोहम्मद हकीम ने मऊआइमा थाने में सरदार निवासी ग्राम रामपुर बजहा,अफसर, रूखसार,सरवर महफूज,सभी निवासीगण नरसिंहगढ तथा सलमान निवासी रूदापुर फाफामऊ और पांच अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा पुलिस ने सलमान नामक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## न्यूज झरोखा

### भारतीय किसान यूनियन किसान ने समस्याओं को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**करछना।** ब्लाक परिसर में भारतीय किसान यूनियन किसान की एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पेयजल आपूर्ति, नाली, सड़क व आवास में अनियमितता आदि मुद्दों को लेकर खंड विकास अधिकारी करछना को ज्ञापन सौंपा गया। सभी समस्याओं का एक सप्ताह के भीतर निदान न होने पर आगामी 15 जुलाई को तहसील व ब्लाक के घेराव की चेतावनी दी गयी। ब्लाक परिसर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजीव चंदेल व मंजू राज आदिवासी ने किया। इस दौरान कई लोगों को भाकियू किसान का पदाधिकारी नियुक्त किया गया। जिनमें मोहिनी पांडेय को मंडल महासचिव, श्याम नारायन पांडेय तहसील अध्यक्ष करछना, मनोरमा आदिवासी मंडल उपाध्यक्ष, शिवशंकर सिंह जिला संगठन मंत्री, रीना गौतम जिला महासचिव, रामबहादुर कुशवाहा ब्लाक अध्यक्ष, मुन्नी देवी कोल करछना तहसील अध्यक्ष, विजय लक्ष्मी ब्लाक अध्यक्ष जसरा, मुन्नी देवी तहसील उपाध्यक्ष बारा, वृज कुमारी तहसील उपाध्यक्ष करछना, ममता पटेल ब्लाक अध्यक्ष करछना, ममता पटेल , विटोला पटेल ब्लाक सचिव, निर्मला बुआ तहसील उपाध्यक्ष करछना, सुधा आदिवासी ब्लाक अध्यक्ष चाका, अंजलि पटेल ब्लाक उपाध्यक्ष करछना नियुक्त किये गये। बैठक का संचालन युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ने किया।

### आकाशीय बिजली गिरने से पालतू भैंस की हुई मौत महिला बाल बाल बची



**मेजा।** बीते बृहस्पतिवार को सायं तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक भैंस की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मदरहा निवासी हरेराम आदिवासी पुत्र राम सूचित आदिवासी ने एक भैंस पाल रखा है जिसे वह प्रतिदिन की तरह बृहस्पतिवार को भी सायंकाल चन्नी के पास भैंस बांध रखा था। बताते हैं कि मौसम के बदलते मिजाज को देखकर उनकी पत्नी भैंस को हटाने जा ही रही थी कि इसी बीच अचानक आकाशीय बिजली गिर गयी जिससे उसकी पालतू भैंस की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि वह बाल बाल बच गई। गौरतलब है कि आकाशीय बिजली गिरने पर घर परिवार के लोग भी बिजली की चमक से स्तब्ध रह गए।

### मांडा मे ट्रेन से कटकर युवक की मौत, मचा कोहराम



**मांडा।** क्षेत्र के गरेथा गाव स्थित बाराही माता धाम के सामने दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई। इससे परिजनों मे कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया है। मांडा थाना क्षेत्र के ढेढरा गाव निवासी शिवम सिंह (21) पुत्र कमलेश सिंह अपने ननिहाल मे रहता था। वह मिजार्पुर जिले के जिगना गाव का मूल निवासी था। बीती रात साढ़े बारह बजे के आसपास वह घर से गायब हुआ। सुबह तकरीबन साढ़े छ बजे के पासपास ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुचें दीघीया चौकी प्रभारी बाबूराम ने शव की शीनख्त कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पहुचें। उधर पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया। बताया जाता है की मृतक कक्षा बारह ने था। इस वर्ष वह परीक्षा मे फेल हो गया था। वहीं मामले मे दीघीया चौकी प्रभारी बाबूराम ने बताया की शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया गया है। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

### विनोद पांडेय शिवसेना के जिला संयोजक प्रयागराज नियुक्त




**प्रतापपुर।** शिवसेना शिंदे गुट प्रयागराज में तेजी से अपना विस्तार कर रहा है पार्टी ने इसी को ध्यान रखते हुए संगठन का विस्तार किया है। मुख्यमंत्री महाराष्ट्र एक नाथजी शिंदे साहब के मार्गदर्शन व शिव सेना के राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अडसूल के आदेश पर उत्तर प्रदेश प्रमुख अभय द्विवेदी के नेतृत्व में प्रदेश संगठन मंत्री अरविंद तिवारी की संस्तुति पर उत्तर प्रदेश प्रमुख अभय द्विवेदी ने विनोद पांडेय को कार्यकारिणी में जिला संयोजक बनाते हुए विनोद पांडेय को जिला संयोजक प्रयागराज का मनोनीत पत्र प्रदेश कार्यालय अयोध्या में दिया। शिवसेना के स्थापना दिवस के 58 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शिवसेना शिंदे गुट के जिला संयोजक प्रयागराज विनोद पांडेय ने कहा कि हिंदू हृदय सम्राट बाला साहब ठाकरे के सिद्धान्तों को मानने वाली शिवसेना संपूर्ण जिले में हजारों शिव सैनिकों की सक्रिय टीम का निर्माण करेगी। उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में पार्टी संस्थापक बाला साहब ठाकरे के विचारों को समर्पित सरकार चल रही है। बाला साहेब ठाकरे के हिन्दू राष्ट्र के संकल्प को साकार करने के संकल्प को पूर्ण करना है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद अब काशी और मथुरा की लड़ाई के विजय संकल्प को पूरा करना है। मुख्यमंत्री महाराष्ट्र एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में संगठन एवं पार्टी की पुनर्स्थापना कर जन जन तक शिव सेना की हिन्दूत्ववादी विचार धारा से जोड़कर हिन्दू राष्ट्र की स्थापना और विश्वगुरु बनाना है।

### भाजपा कार्यकर्ता के पिता के निधन पर शोक सभा

**नैनी।** नैनी भारतीय जनता पार्टी के सेक्टर प्रभारी सदस्य किसान मोर्चा महानगर प्रयागराज सुनील विश्वकर्मा के पिता के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया ईश्वर अपने चरणों में स्थान प्रदान करें। इस अवसर पर महापौर प्रयागराज गणेश केसरवानी करछना विधायक पियूष रंजन निषाद पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव नितिन केसरवानी उर्फ बबलू नैनी मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा पूर्व महामंत्री राम जी मिश्रा वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव पार्षद अनूप पासी वरिष्ठ भाजपा नेता रवि मिश्रा रितेश शुक्ला महामंत्री उमेश सेन धीरज राजन भाई युवा नेता भाजपा मोहित अग्रहरि अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा धीरज गौर दूरभाष पर भाजपा के प्रत्याशी लोकसभा पंडित नीरज त्रिपाठी ने दुख व्यक्त करते हुए गहरा शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर अनेक गण नागरिक भाजपा कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### लकडी के विवाद को लेकर दम्पत्ति को मारा पीटा गया एस सी एसटी में मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के कटरा दयाराम में लकडी के विवाद को लेकर दम्पत्ति को मारा पीटा गया। पुलिस ने चार के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा इलाके के कटरादयाराम निवासी मनोज कुमार पुत्र शारदा प्रसाद का आरोप है कि वह बाहर रखी लकडी जलाने के घर ले जा रहा था।बताते हैं कि इसी विवाद को लेकर मनोज कुमार और उसकी पत्नी मंजू देवी को मारा पीटा गया। मनोज कुमार ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर पड़ोस के हफीज,शफीक, आमिर, सलीम के खिलाफ एस सी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# रास्ते के निर्माण को लेकर प्रधान एवं समर्थकों का उरुवा ब्लाक में धरना-प्रदर्शन

## कहा- सड़क की समस्या समाधान होने तक अनवरत जारी रहेगा प्रदर्शन




**मेजा।** विकासखण्ड उरुवा के चौकी गांव में प्राइमरी विद्यालय से हरिजन बस्ती तक इंटरलॉकिंग रास्ते के निर्माण के लिए खुदाई कर छोड़ दिया गया है जिससे रास्ते में पानी भरा हुआ है परिणाम स्वरूप आवागमन में काफी असुविधा हो रही है। इस संबंध में गांव के प्रधान फतेहबहादुर निषाद द्वारा कई बार जिम्मेदारों को अवगत कराया गया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। अंततः शुक्रवार को प्रधान ने उरुवा विकास खण्ड मुख्यालय पर धरना दे दिया। जिसमें भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) ने समर्थन दिया है और भानु ने गुट भी धरने पर बैठ गया। प्रधान ने बताया कि प्राइमरी विद्यालय से हरिजन बस्ती तक इंटरलॉकिंग दो सौ मीटर सड़क एवं नाली का काम ग्राम पंचायत स्तर से संचालित था। चार महीने से खोदाई करके छोड़ दिए हैं। घुटने तक पानी भरा है, आने जाने में दिक्कत हो रही है। इतना ही नहीं प्रधान ने यह भी बताया कि इस संबंध में बीडीओ उरुवा द्वारा बारबार समस्या के समाधान का आश्वासन दिया जाता रहा लेकिन समस्या का समाधान होने के बजाय जस की तस बनी हुई है। गौरतलब है कि धरने पर बैठे लोगों का कहना है कि जब तक रोड की समस्या का हल नहीं किया किया जाएगा धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि धरनारत लोगों ने ब्लाक में तालाबंदी की चेतावनी दी है। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से सुमन अवस्थी महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष, डॉ बीके सिंह प्रदेश महासचिव, पुष्पराज सिंह प्रदेश सचिव, अंकुश शुक्ला मंडल महासचिव, आर बी सिंह मंडल अध्यक्ष, दीपक तिवारी, पंकज प्रताप सिंह, एपी पांडेय, रोहित यादव, विश्वनाथ प्रताप सिंह, उमेश पांडेय, दीपक कुमार त्रिपाठी,रामशिरोमणि तिवारी, संदीप पांडेय, माया यादव, ललित कुमार पांडेय, सुमन पांडेय तथा अवधेश क्रांतिकारी सहित कई अन्य लोग शामिल रहे।

# हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने नए कानून के खिलाफ किया प्रदर्शन, बोले- पुलिस राज जनता पर होगा हावी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन से जुड़े अधिवक्ताओं ने नए आपराधिक कानूनों के विरोध में इलाहाबाद हाईकोर्ट के गेट नंबर तीन पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। वकीलों ने नए कानून को जनता के खिलाफ बताया। कहा कि इस कानून के प्रभावी होने से पुलिस का जनता पर उत्पीड़न बढ़ जाएगा और मनमानी होगी। इससे आम जनता को त्वरित न्याय नहीं मिल सकेगा। धरना प्रदर्शन में शामिल अधिवक्ताओं ने कहा कि तीनों कानूनों में जनविरोधी प्रावधानों यथा धारा 173 उपधारा 3 नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 कहती है कि पुलिस एफआईआर दर्ज करने के पहले प्रारंभिक जांच के लिए तहरीर को 14 दिनों तक होल्ड रख सकती है। हालांकि यह पावर 7 साल व उससे कम दंडनीय अपराधों में इस्तेमाल किया जाएगा, लेकिन हमारा मानना है कि एक बार थाने पर जांच के नाम पर तहरीर होल्ड रखने का कल्चर बन जाने पर पिछड़ी,गरीब और निरक्षर जनता में पुलिस व कानून व्यवस्था के प्रति एक नकारात्मक धारणा बनेगी। यह सुप्रीम कोर्ट के ललिता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य के मामले में दिए गए मैंडेट के एकदम उल्टा है।इसी तरह के अन्य प्रावधान भी जनविरोधी, गलतफहमी बढ़ाने वाले, क्रूर व पुलिस राज को बढ़ाने की दिशा में जाते हैं जिनका सेक्शन वाइज डिटेल चर्चा अपने ज्ञापन में करेंगे। इस मौके पर अधिवक्ता विनय प्रताप सिंह, राजकिशोर यादव, धर्मेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह यादव, आशुतोष तिवारी, राजीव कुमार, कमलेश रतन यादव, यूनियन के अध्यक्ष अरविंद कुमार राय, यशवंत सिंह राधेश्याम द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार सिंह उर्फ जीतू यादव, अनुभव द्विवेदी,,मानस, चिरविजय आदि बड़ी संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरांव के प्रभारी के आदेश पर आशा व एएनएम क्षेत्र में सक्रिय




**सोरांव।** मौसम में बढ़ती आर्द्रता के कारण तथा बरसात के मौसम में मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग अपनी कमर कस लिया है। क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति को स्वास्थ्य के अभाव में किसी भी प्रकार की समस्या ना उत्पन्न हो, इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोराव के अधीक्षक अनुपम द्विवेदी ने स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े हुए सभी आशा बहुएँ और एएनएम को क्षेत्र में सक्रिय रहने के लिए आदेश दिए है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक डायरिया रोको अभियान संग दस्तक अभियान का बिगुल फूंक दिया है। इसके लिए आशा और एएनएम अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर मच्छर जनित रोगों के बचाव के तरीके तथा कहीं पर भी पानी जमा न होने संग साफ सफाई का विशेष ख्याल रखने के लिए रैली के माध्यम से जागरूकता अभियान चला रही है। डायरिया रोको और दस्तक अभियान में अभिभावकों व बच्चों को भी दस्त से बचाव के लिए उबला हुआ पानी संग ओआरएस तथा जिंक की गोलियां उपलब्ध करवा रही हैं। इतना ही नहीं ओआरएस का काउंटर भी केंद्र पर लगाया गया है। यदि किसी भी लोगों को दस्त जैसी समस्या हो तो वह अपने एएनएम और आशा से बात करके अपना इलाज करवा सकता है। जिसके लिए हर ग्राम पंचायत में रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरांव के अधीक्षक ने बताया कि अपने-अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर लोगों को दस्तक व डायरिया जैसी समस्या से बचने का तरीका बता रही है। इतना ही नहीं किसी भी बच्चे को यदि दस्त/डायरिया की समस्या है तो आशा और एएनएम उस बीमार व्यक्ति को 14 दिन तक अपने निगरानी में इलाज कर रही हैं। यदि फिर भी स्वास्थ्य ठीक नहीं हुआ तो आशा और एएनएम की संपूर्ण जिम्मेदारी है कि वह उस बीमार बच्चे को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरांव में भर्ती करवाकर अपने निगरानी में इलाज करवाए।

# पत्रकार विकास परिषद की बैठक हुई संपन्न, रखे विचार

## पत्रकारों की सुरक्षा करना शासन प्रशासन की जिम्मेदारीः अनिल कुमार मौर्य



**प्रयागराज।** पत्रकार विकास परिषद के तत्वावधान में यमुना पार के कोरांव में एक आवश्यक बैठक बुलाई गई जिसका नेतृत्व पत्रकार विकास परिषद के पूर्वांचल महासचिव अनिल कुमार मौर्य ने किया। अनिल कुमार मौर्य ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की इस बैठक का उद्देश्य सभी पत्रकारों को एक साथ जोड़ने का है और समय समय पर पत्रकारों के साथ समाचार संकलन के दौरान जो अभद्रता किया जाता है उस पर शासन प्रशासन को गंभीरता से संज्ञान लेना चाहिए क्योंकि पत्रकारों की सुरक्षा करना शासन प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है। इसी दौरान वरिष्ठ पत्रकार सुखलाल शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए पत्रकारों से अपील करते हुए कहा कि सभी पत्रकार साथी किसी भी समाचार को लेकर जल्दबाजी न करें गंभीरता के साथ पूरी जानकारी जुटाने के बाद ही समाचार प्रकाशित करें और ना ही किसी के साथ पक्षपात करते हुए एक पक्षीय खबर लगाएं। नरेंद्र देव मिश्रा ने भी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारों की कोई जाति नहीं होती ना कोई छोटा होता है और ना ही कोई बड़ा सभी को बराबर सम्मान दिया जाना चाहिए क्योंकि जब समाचार का संकलन किया जाता है उस समय छोटा बड़ा नहीं देखा जाता। सभी लोग आपस में मिलजुल कर पत्रकारिता करते हुए समाज को नई दिशा देने का काम करें, किसी भी समाचार में ऐसे शब्दों का प्रयोग ना करें जिससे किसी को आघात पहुंचे। जयशंकर भास्कर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि निश्चित रूप से आज की बैठक में जिन बिंदुओं पर चर्चा की गई वह आने वाले समय में सभी पत्रकार साथियों को एक नई दिशा देने का काम करेगा। बैठक में मुख्य रूप से राम मूर्ति शुक्ला, बृज किशोर कुशवाहा, हिम्मतलाल, अमरेंद्र कुमार वर्मा, राजेश कुमार, दिनेश कुमार चौधरी, राजू सिंह चौहान, रणधीर सिंह, लाल प्रताप सिंह यादव, प्रेमचंद सिंह, मनोज कुमार शर्मा, बृजलाल चौधरी, प्रवीण कुमार पटेल सहित कई पत्रकार साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनुराग मिश्रा द्वारा किया गया।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आए युवक का उपचार के दौरान मौत

**मऊआइमा।** बाइक से काम पर जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी।जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर खास निवासी विनय कुमार 20 वर्ष पुत्र स्वर्गीय आशाराम यादव बाइक से काम पर जा रहा था।बताते हैं कि सुल्तानपुर खास हाईवे पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। विनय कुमार अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान मौत हो गई । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया है कि मृतक विनय कुमार चार भाईयों में सबसे छोटा था मृतक के चचेरे भाई राजेन्द्र कुमार ने मऊआइमा थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### प्रधानों ने नीलम पथिक को न्याय दिलाने के लिए की बैठक

**मऊआइमा।** मऊआइमा ब्लॉक में परिसर में शुक्रवार को मंडल प्रभारी सरताज आलम की अध्यक्षता में ग्राम प्रधान नीलम पथिक को न्याय दिलाने के लिए बैठक की गई। बताया जाता है कि ब्लॉक प्रमुख चाका अनिल पटेल ने 27 जून को ग्राम प्रधान नीलम पथिक को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गुप्ता दिए तथा अभद्रता की थी । जिसको लेकर ग्राम प्रधानों ने एकजुट होकर नीलम पथिक के साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। इस मौके पर वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी ,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष काजी मुअज्जम, ग्राम प्रधान अशोक कुमार, मो. दानिश, अमजद हुसैन, संतोष कुमार यादव,लाल बहादुर पटेल, जंग बहादुर ,राकेश कुमार गुड्डू, सुरेश कुमार ,रेखा पाल, हुजैफा अंसारी ,विनोद यादव ,मुस्ताक अहमद ,शमीम आलम , अहद समेत अन्य प्रधान उपस्थित रहे।

### तेज वर्षा से घर पर गिरा पेड़ बाल बाल बचे लोग

**सहसों।** क्षेत्र के देवनहरी गांव में गुरुवार सायंकाल हुई मूसलाधार वर्षा से गांव के राकेश तिवारी के मकान पर नीम का पेड़ गिर जाने से उसमें सो रही उनकी पत्नी व तीन बच्चे बाल बाल बच गए तथा उसमें रखा हजारो रुपए का सामान नष्ट हो गया। शोर गुल सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तथा मां व तीन बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवनहरी गांव निवासी राकेश तिवारी घर से बाहर रहकर बच्चों का भरण पोषण करते हैं। उनकी पत्नी आरती देवी तीन बच्चों के साथ अपने घर में सो रही थी। तेज वर्षा के चलते गुरुवार की मध्य रात्रि अचानक घर के बगल नीम का पेड़ मकान पर गिर पड़ा। गनीमत यह रहा कि जिस हिस्से में पेड़ गिरा उसके दूसरे हिस्से में आरती देवी अपने तीन बच्चों के साथ सो रही थी। नहीं तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े तथा मां और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। परंतु अंदर रखा हजार रुपए के खाने पीने की वस्तुएं अनाज, बर्तन, कपड़ा सब नष्ट हो गए। फिलहाल इसकी सूचना उन्होंने तहसील प्रशासन को दे दी है।

# रायबरेली से बड़ी जीत होने पर राहुल गांधी ने कांग्रेस नेता नमस्ते यादव को भेजा पत्र, जताया आभार

## सत्ता को सच का आइना दिखाने वाले देश के सच्चे योद्धा हैं राहुल गांधी : नमस्ते यादव



**मेजा।** कांग्रेस नेता नमस्ते यादव उर्फ जितेंद्र को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी ने पत्र भेजकर जीत का आभार जताया है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव में पार्टी कार्यकताओं की मेहनत पर सांसद राहुल गांधी ने उन्हें पत्र भेजकर उनका हौसला बढ़ाया है। गौरतलब है कि पत्र में 2024 की ऐतिहासिक लोकसभा चुनाव के दौरान रायबरेली में संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए नमस्ते यादव के अथक मेहनत और सहयोग के लिए कोटि-कोटि धन्यवाद दिया है। बता दें कि मेजा विधानसभा के दरी गांव निवासी कांग्रेस नेता नमस्ते यादव अपने कार्यकताओं के साथ रायबरेली संसदीय क्षेत्र में जाकर राहुल गांधी के समर्थन में जमकर प्रचार किया था जिसके बाद रायबरेली से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सांसद चुने गए हैं। सांसद चुने जाने के बाद 23 जून को उन्होंने पत्र लिखकर कांग्रेस नेता नमस्ते यादव का हौसला अफजाई किया। शुक्रवार 5 जुलाई को राहुल गांधी का पत्र नमस्ते यादव को मिला। पत्र मिलने के पश्चात उन्होंने खुशी जाहिर किया है। सांसद राहुल गांधी के इस सम्मान पर खुशी जाहिर करते हुए नमस्ते यादव ने कहा कि राहुल गांधी देश के भविष्य हैं ऐसे जननायक नेता होना सबके बस की बात नहीं है। राहुल गांधी कमजोरों की आवाज, संविधान के प्रति अटूट आस्था रखने वाले तथा सत्ता को सच का आईना दिखाने वाले हैं। श्री यादव ने आगे कहा कि राहुल गांधी भारत के गरीबों, वंचितों और पिछड़े नागरिकों के निर्विवाद नेता हैं। वह बेजुबानों की आवाज,कमजोरों के लिए शक्ति का स्तंभ हैं, हमारे संविधान के संरक्षक हैं,न्याय योद्धा और गौरवशाली भविष्य के लिए भारत की सबसे उज्ज्वल आशा हैं।

# महिला प्रिंसिपल को कुर्सी से धकेला

## बिशप जॉनसन स्कूल का हथौड़ी से ताला तोड़ा, मोबाइल छीना, फिर धक्का देकर बाहर निकाला

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** बिशप जॉनसन गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल को जबरन कुर्सी से धकेल दिया गया। प्रिंसिपल बाहर से ताला लगवाकर ऑफिस में बैठी थीं, तभी बिशप और उनके लोग कॉलेज में घुस गए। उन्होंने प्रिंसिपल के ऑफिस का दरवाजा हथौड़ी से तोड़ दिया। मोबाइल छीन लिया। प्रिंसिपल पारुल डोंट टच...डोंट टच...बोलती रह गईं। 20-25 मिनट तक हंगामा चला। आखिरी में आरोपियों ने प्रिंसिपल को धक्का दिया। फिर भी नहीं हटीं तो उन्हें कुर्सी समेत उठाकर रूम से बाहर निकाल दिया। ये हाईवोल्टेज ड्रामा 2 जुलाई का है। 3 जुलाई को प्रिंसिपल की शिकायत पर कर्नलगंज थाने में बिशप मॉरिस एडगर दान समेत 10-12 लोगों पर ऋक्कफ दर्ज हुई।

**15 से 20 लोगों के साथ घुसे, हथौड़ी से ताला तोड़ा :** घटना के 3 वीडियो सामने आए हैं। पहले में दिख रहा है कि प्रिंसिपल बाहर से ताला लगवाकर अंदर बैठी हैं। बिशप मॉरिस एडगर समेत 15-20 लोग बाहर खड़े हैं।काले कोट में एक व्यक्ति किसी से कहासुनी कर रहा। इसी बीच उसे एक व्यक्ति हथौड़ी लाकर देता है। इसके बाद उसने ऑफिस का ताला हथौड़ी से तोड़ दिया।

**प्रिंसिपल डोंट टच, डोंट टच बोलती रहीं...** तीसरे फुटेज में प्रिंसिपल का मोबाइल छीनने का प्रयास दिख रहा है। प्रिंसिपल डोंट टच, डोंट टच बोलती रहीं। तभी एक महिला उनका मोबाइल छीन लेती है, फिर जबरन उन्हें कुर्सी से हटा दिया जाता है।इसके बाद प्रिंसिपल सामने वाली कुर्सी बैठ जाती हैं। उनके साथ आरोपी धक्का-मुक्की करते हैं। उन्हें कुर्सी सहित उठाकर बाहर कर देते हैं। थोड़ी देर बाद दूसरी महिला प्रिंसिपल की कुर्सी पर बैठ जाती हैं। वहां मौजूद लोगों ने महिला का ताली बजाकर स्वागत किया।डॉयोसिस ऑफ लखनऊ (चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया) के बिशप प्रयागराज में ही बैठते हैं। डॉयोसिस के अंडर में प्रयागराज समेत यूपी के कई जिलों में स्कूल कॉलेज संचालित होते हैं। 2013 में पीटर बलदेव बिशप बने। स्कूलों का संचालन उनकी देखरेख में होता रहा। इसी बीच पीटर बिशप पीटर बलदेव ने अपनी बेटी पारुल सोलोमन को बिशन जॉनसन गर्ल्स विंग का प्रिंसिपल बना दिया। 3 सितंबर, 2023 को डायोसिस ऑफ लखनऊ का बिशप मॉरिस एडगर दान को बना दिया गया। इसके खिलाफ पीटर बलदेव हाईकोर्ट चले गए। फिर नए बिशप मॉरिस एगडर दान ने स्कूलों का संचालन अपने हाथों में लेना शुरू कर दिया। प्रबंधन बदला जाने लगा। बिशप जॉनसन गर्ल्स विंग की प्रिंसिपल नहीं हट रही थीं। बिशप दान ने उनकी नियुक्ति को अवैध बताते हुए स्कूल पर कब्जा कर लिया।

### महिला प्रिंसिपल के पति ने कमिश्नर को सौंपे वीडियो

पारुल सोलोमन के पति सुमित ने कहा– मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर से की है। उन्हें वीडियो और साक्ष्य सौंपे हैं। उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# मुम्बई से व्हाट्सएप कॉल कर बीवी को दिया तीन तलाक, मामला दर्ज

अखंड भारत संदेश

### छह साल पहले हुआ था निकाह, दहेज के लिए किया जाता था प्रताड़ित, बेटी होने पर और बढ़ गई दूरी

**झूंसी।** थाना क्षेत्र में तीन तलाक का मामला सामने आया है। मुंबई में रह रहे शौहर ने झूंसी में अपने मायके में रह रही बीवी को व्हाट्सएप कॉल कर तीन तकाल दे दिया। बीबी ने मामले की लिखित शिकायत झूंसी पुलिस से की तो पुलिस ने तीन तलाक, दहेज उत्पीड़न सहित कई धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। झूंसी के बहादुरपुर कछार की रहने वाली तहसीन बानो पुत्री मुकिमुद्दीन का निकाह प्रतापगढ़ फतनपुर थाना के बैरनपुर गांव निवासी मो. आजम उर्फ शेरू से 18 नवंबर 2018 को हुआ था। मो. आजम मुम्बई में ऑटो चलता है। तहसीन बानो ने पखवाड़े भर पहले झूंसी पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि उसे दहेज में कार व 5 लाख रुपयों लिए ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे। उसने आप बीती अपने मायके वालों को सुनाई तो सबको लगा कि धीरे-धीरे मामला ठीक हो जाएगा कुछ दिन के लिए मो. आजम अपनी बीबी तहसीन बनो को मुम्बई भी ले गया था। आरोप है कि गर्भवती होने के बाद पति ने उसका चेकअप कराया जांच में तहसीन बनो के पेट मे लड़की का पता चला तो उसे और प्रताड़ित करने लगा। बेटी होने के बाद तहसीन बानो को घर से निकाल दिया वह अपने मायके आकर रहने लगी अब उसकी बेटी हिबा बानो डेढ़ साल की हो गई है तब बीते 22 तारीख को तहसीन बानो के शौहर मो. आजम ने मुम्बई से व्हाट्सएप कॉल कर तीन तलाक दे दिया। मामले में पुलिस ने शुक्रवार को पीड़ित के शौहर के साथ सास अफरोज बनो, जेठ मो. अकरम, ससुर इकबाल अहमद के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## हाईकोर्ट ने वकील पर 10 हजार रुपये का लगाया जुर्माना निर्णय के बावजूद अधिवक्ता ने अपना पक्ष जारी रखा

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट ने कहा कि अधिवक्ताओं की दोहरी जिम्मेदारी है। उन्हें न्यायालय में व्यवधान पैदा करने के बजाय अदालत की सहायता करनी चाहिए। न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने जमानत अर्जी की सुनवाई के दौरान निर्णय के बाद भी अधिवक्ता अरुण कुमार की ओर से दलील जारी रखने पर 10 हजार रुपये जुमार्ना लगाते हुए यह टिप्पणी की।मामले में गौतम बुद्ध नगर के थाना जारचा निवासी मोहन की जमानत अर्जी पर कोर्ट सुनवाई कर रही थी। मोहन पर एक महिला का नहाते समय वीडियो रिकॉर्ड कर उसे ब्लैकमेल करने और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर करने का आरोप पीड़ित पक्ष ने लगाया था। पीड़ित पक्ष ने आरोपी पर दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया था। उसने जमानत के लिए हाईकोर्ट से गुहार लगाई थी।याची अधिवक्ता ने गलत आरोप और एफआईआर में देरी और अभियोजन पक्ष के दावों का समर्थन करने के लिए कोई फॉरेंसिक रिपोर्ट नहीं होने की दलील रखी। साथ ही कहा कि आरोपी का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। इसलिए वह जमानत का हकदार है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करने के बाद आवेदक को जमानत देने से इन्कार कर दिया। इसी दौरान न्यायालय के निर्णय के बावजूद अधिवक्ता ने अपना पक्ष रखना जारी रखा, जिससे कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न हुई। इस पर कोर्ट ने अधिवक्ता पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया।

**न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने टिप्पणी की :** आवेदक के वकील ने न केवल खुली अदालत में आदेश पारित होने के बाद भी मामले पर बहस जारी रखी, बल्कि कार्यवाही में व्यवधान भी डाला। इस व्यवहार को न्यायालय की आपराधिक अवमानना माना जाता है। क्योंकि, यह न्यायिक प्रक्रिया के अधिकार और शिष्टाचार को कमजोर करता है।

# जमीन पर कब्जा रोकने गई महिला प्रधान पर हमला

## बेटे समेत पांच घायल, सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** चंदौहा गांव में ग्राम सभा के खेल मैदान पर हो रहे अवैध कब्जे को रोकने गईं महिला प्रधान व उसके पुत्र पर दबंगों ने हमला कर दिया। बीच बचाव करने पहुंचे प्रधान के देवर व दो भतीजों को भी दबंगों ने मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। जेसीबी लगाकर अतिक्रमण कर रहे लोगों की दबंगई देख मौके से लेखपाल भी फरार हो गया। प्रधान की तहरीर पर सरायइनायत पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।ग्राम सभा चंदौहा के राजस्व अभिलेखों में उक्त भूमि खेल मैदान में दर्ज है। आरोप है कि उक्त भूमि पर गांव के दबंग जेसीबी चलाकर कब्जा कर रहे थे। प्रधान ने इसकी सूचना उपजिलाधिकारी फूलपुर को दी। एसडीएम के आदेश पर क्षेत्रीय लेखपाल प्रधान के साथ मौके पर पहुंचा। वहां पहुंचते ही दबंगों ने प्रधान ललिता व उनके पुत्र अंकित यादव पर हमला बोल दिया। शोरगुल सुनकर बीच बचाव करने पहुंचे प्रधान के देवर हंसराज, भतीजे पंकज व रवि पर भी हमलावर टूट पड़े।

**पुलिस के पहुंचने पर हमलावर फरार :** मारपीट कर सभी को घायल कर दिया गया। कुछ ही देर में पुलिसकर्मी पहुंचे, लेकिन तब तक हमलावर भाग निकले थे। प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने धर्मराज यादव, अभिषेक यादव उर्फ मुलायम, आयुष यादव, यशस्वी यादव, अविनाश यादव, पृथ्वीपाल यादव, अमर पाल यादव के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

# नैनी में प्रतियोगी छात्र की ट्रेन की चपेट में आने से मौत



**नैनी।** नैनी जंक्शन के समीप बीती देर रात एक प्रतियोगी छात्र की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा। नैनी जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक बीती देर रात रेलवे स्टेशन नैनी से प्रयागराज की ओर खंबा नंबर 818/22 के समीप एक लगभग 26 वर्षीय युवक ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर नैनी जीआरपी चौकी प्रभारी वीरेंद्र प्रसाद सरोज हेड कांस्टेबल बलवंत प्रसाद को साथ लेकर वहां पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर रात में ही पहचान कराने के लिए काफी प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो पाई। रात्रि होने की वजह से पंचायत नामा की कार्रवाई अगले दिन शुक्रवार सुबह करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। वहीं परिजन पहले नैनी जीआरपी पहुंचे और उसके बाद पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर मृतक युवक की पहचान नैनी कोतवाली क्षेत्र के चकमुंडी निवासी दीप राज यादव पुत्र स्वर्गीय राम लखन के रूप में करते हुए दहाड़ मार कर रोने बिलखने लगे। परिजनों ने बताया कि मृतक युवक प्रतियोगी पढ़ाई की तैयारी कर रहा था। वह देर शाम को किसी कार्य हेतु नैनी बाजार गया हुआ था और रात्रि प्रहर में वापस आते समय किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

## कार ने बाइक सवारों को रौंदा,एक की मौत दूसरा गंभीर, देर रात हादसे से मचा कोहराम

**प्रयागराज।** प्रयागराज में तेलियरगंज चौराहे के पास गुरुवार देर रात बेकाबू कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 30 वर्षीय प्रॉपर्टी डीलर दीपक की जान चली गई। दीपक मलाक हरहर फाफामऊ का रहने वाला बताया जा रहा है। जबकि बाइक सवार मेराज जख्मी है। वह शांतिपुरम कॉलोनी फाफामऊ का रहने वाला है।उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार चालक गाड़ी लेकर निकल भागा। सीसीटीवी फुटेज से उसकी पहचान की जा रही है।

**रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर का बेटा था :** फाफामऊ के मलाक हरकर के रहने वाले मुरलीधर मिश्र सब इंस्पेक्टर के पद से रिटायर्ड हैं। उनका बेटा दीपक प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था। गुरुवार रात वह अपने दोस्त मेराज के साथ शहर आया था। लौटते समय रात में तेलियरगंज चौराहे के पास बेकाबू कार ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दीपक और मेराज गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने दीपक को मृत घोषित कर दिया। देर रात एसआरएन अस्पताल में हंगामा मचा रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच की लेकिन कोई पकड़ में नहीं आ सका। सीसीटीवी फुटेज निकलवाई गई।

# निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण ने कोल्ड स्टोरेज का किया निरीक्षण



**प्रयागराज।** शुक्रवार को निदेशक उद्यान एवम खाद्य प्रसंकरण डॉक्टर बी बी द्विवेदी द्वारा जनपद प्रयागराज के फरुर्खाबाद कोल्ड स्टोरेज, केशरवानी शीतालय, सोरांव कोल्ड स्टोरेज का औचक निरीक्षण किया गया,तथा आलू भंडारण एवम निकासी की जानकारी प्राप्त की गई।साथ ही किसानों एवम ब्यापारियो से भी वार्ता की गई। निकासी कम होने पर चिंता व्यक्त करते हुए कोल्ड स्टोरेज स्वामियों से बाजार दरों का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए आलू निकासी में निरंतरता बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। जिससे किसानों को लाभ मिल सके ।सोरांव कोल्ड स्टोरेज में फुटकर क्रेताओ द्वारा 30 रुपए प्रति किलोग्राम क्रय करते हुए पाया गया। आलू को अन्य प्रदेशों में निर्यात को नियंत्रित करने एवम डंपिंग रोकने के निर्देश शीतगृह स्वामियों को दिए गए। इस अवसर पर उपनिदेशक उद्यान कृष्ण मोहन चौधरी एवम जिला उद्यान अधिकारी उमेश चंद्र उत्तम भी उपस्थित थे।

## डॉन को राहत : सराफा कारोबारी पंकज महिंद्रा अपहरण कांड में अंडरवर्ल्ड डॉन बबलू श्रीवास्तव और उसका भांजा बरी

**प्रयागराज।** जिला अदालत ने नौ साल पहले 10 करोड़ रुपये की फिरौती के लिए सराफा कारोबारी पंकज महिंद्रा के चर्चित अपहरण कांड के आरोपी अंडरवर्ल्ड डॉन बबलू श्रीवास्तव और उसके भांजे संकल्प श्रीवास्तव को बेगुनाह करार दिया। वहीं, दूसरे भांजे विकल्प समेत आठ दोषी करार दिए गए। यह फैसला इलाहाबाद जिला अदालत में गैंगस्टर की विशेष अदालत के न्यायाधीश विनोद कुमार चौरसिया की अदालत ने शुक्रवार को सुनाया।5 सितंबर 2015 की रात दुकान बंद करके कार से घर जाते समय सराफा व्यवसायी को अगवा किया गया था। पंकज महिंद्रा की जवाहर स्क्वायर कोतवाली क्षेत्र में ज्वैलरी की दुकान थी। बदमाशों ने उनकी कार संगम स्थित लेटे हनुमान मंदिर के पास छोड़ दी थी। फिरौती के रूप में 10 करोड़ रुपये मांगे गए थे। बाद में पुलिस ने फतेहपुर के एक फार्म हाउस में रात को छापा मारा तो पंकज महिंद्रा बंधे पड़े थे। पुलिस की कहानी के मुताबिक इस अपहरण कांड को अंडरवर्ल्ड डॉन बबलू श्रीवास्तव के इशारे पर अंजाम दिया गया था। पुलिस ने मौके पर बबलू श्रीवास्तव के भांजे विकल्प श्रीवास्तव, गोरखपुर निवासी महेंद्र यादव, सच्चिदानंद यादव उर्फ सचिता, बरेठी थाना थरवई निवासी चंद्रमोहन उर्फ बब्लू यादव को गिरफ्तार करने का दावा किया था। साथ ही इनके पास से 9 एमएम व 32 बोर की दो पिस्टलें, 315 बोर का तमंचा, आल्टो कार, लैपटॉप, मोबाइल, फर्जी सिमकार्ड बरामदगी दिखाई थी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सड़वा खुर्द वि. ख. जसरा, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा

पत्रांकः मेमो/एस.एल.डब्लू.एम./राज्य वित्त/2024–25 दिनांक : 05.07.2024

ग्राम पंचायत सड़वा खुर्द में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (फेज–2) अन्तर्गत SLWM /केन्द्रीय/राज्य वित्त मनरेगा की धनराशि से पूर्व वर्ष 2024–25 में प्रस्तावित निम्नलिखित कार्यों में कार्य कराने हेतु पंजीकृत निविदा दाताओं से दिनांक 05.07.2024 से 19.07.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा आमंत्रित की जाती है दिनांक 20.07.2024 को दिन में 11 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | कार्य की माप | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा मूल्य रू. में | निर्माण कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र निर्माण कार्य | 1 अदद | 400000 | 500 | 6 माह |
| 2. | कचरा वाहन | 1 अदद | 150000 | 500 | 6 माह |
| 3. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट निर्माण कार्य | 2 | 58600 | 500 | 6 माह |
| 4. | सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/ कम्पोस्टपिट | 9 | 20025 | 500 | 6 माह |
| 5. | सामुदायिक सोक पिट निर्माण कार्य | 1 | 14950 | 500 | 6 माह |
| 6. | सिल्ट केचर (नालियों पर) निर्माण कार्य | 9 | 54000 | 500 | 6 माह |
| 7. | फिल्टर चैम्बर (नालियों पर) निर्माण कार्य | 2 | 76000 | 500 | 6 माह |
| 8. | हैण्डपम्प पर सोक पिट एवं सेनेटरी इम्प्रूवमेंट | 20 | 299000 | 500 | 6 माह |
| 9. | आई.ई.सी. गतिविधि | – | 90000 | 500 | 6 माह |

सामान्य शर्ते :– 1. कार्य की सम्पूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम विकास अधिकारी कार्यालय से ली जा सकती है। 2. निविदा दाता/कोटेशन दाता को समस्त रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जीएसटी नम्बर के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र निविदा दाता/ कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा। 3. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में दिनांक 19.07.2024 तक पूर्वाह्न 12 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। 4. किसी निविदा/कोटेशन को निरस्त करने का सर्वाधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। 5. सभी कार्यो के लिए अलग–अलग निविदा/कोटेशन स्वीकार्य की जायेगी। 6. सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी।

नोट–निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय सड़वा खुर्द से प्राप्त की जा सकती है एवं ग्राम पंचायत कार्यलय सड़वा खुर्द में समस्त निविदाएं भी खोली जायेगी।

मंगला प्रसाद मौर्य
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत सड़वा खुर्द
वि. ख. जसरा, प्रयागराज

जितेन्द्र कुमार गौड़
सचिव
ग्राम पंचायत सड़वा खुर्द
वि. ख. जसरा, प्रयागराज



## कार्यालय ग्राम पंचायत टिकरी ता. कंजासा वि. ख. जसरा, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा

पत्रांकः मेमो/एस.एल.डब्लू.एम./राज्य वित्त/2024–25 दिनांक : 05.07.2024

ग्राम पंचायत टिकरी ता. कंजासा में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (फेज–2) अन्तर्गत SLWM /केन्द्रीय/राज्य वित्त मनरेगा की धनराशि से पूर्व वर्ष 2024–25 में प्रस्तावित निम्नलिखित कार्यों में कार्य कराने हेतु पंजीकृत निविदा दाताओं से दिनांक 05.07.2024 से 19.07.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा आमंत्रित की जाती है दिनांक 20.07.2024 को दिन में सायं 2 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | कार्य की माप | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा मूल्य रू. में | निर्माण कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र (RCC सेन्टर) | 1 अदद | 400000 | 500 | 6 माह |
| 2. | सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/ कम्पोस्ट पिट | 6 | 13350 | 500 | 6 माह |
| 3. | सामुदायिक वर्मी कम्पोस्ट | 2 | 58600 | 500 | 6 माह |
| 4. | सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र | 2 | 30000 | 500 | 6 माह |
| 5. | सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिनरेटर (भस्मक) | 1 | 10000 | 500 | 6 माह |
| 6. | सिल्ट केचर (नालियों पर) | 6 | 36000 | 500 | 6 माह |
| 7. | फिल्टर चैम्बर (नालियों पर) | 2 | 77000 | 500 | 6 माह |
| 8. | हैण्डपम्प पर शोक पिट एवं सेनेटरी इम्प्रूवमेंट | 19 | 284050 | 500 | 6 माह |
| 9. | सामुदायिक शोक पिट | 1 अदद | 14950 | 500 | 6 माह |
| 10. | सामुदायिक नाडेप | 1 | 17000 | 500 | 6 माह |
| 11. | कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा) | 1 | 35000 | 500 | 6 माह |
| 12. | आई.ई.सी. गतिविधि | – | 60000 | 500 | 6 माह |

सामान्य शर्ते :– 1. कार्य की सम्पूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम विकास अधिकारी कार्यालय से ली जा सकती है। 2. निविदा दाता/कोटेशन दाता को समस्त रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जीएसटी नम्बर के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र निविदा दाता/ कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा। 3. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में दिनांक 19.07.2024 तक पूर्वाह्न 12 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। 4. किसी निविदा/कोटेशन को निरस्त करने का सर्वाधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। 5. सभी कार्यो के लिए अलग–अलग निविदा/कोटेशन स्वीकार्य की जायेगी। 6. सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी।

नोट–निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय टिकरी ता. कंजासा से प्राप्त की जा सकती है एवं ग्राम पंचायत कार्यलय टिकरी ता. कंजासा में समस्त निविदाएं भी खोली जायेगी।

विजय बहादुर सिंह पटेल
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत टिकरी ता. कंजासा
वि. ख. जसरा, प्रयागराज

जितेन्द्र कुमार गौड़
सचिव
ग्राम पंचायत टिकरी ता. कंजासा
वि. ख. जसरा, प्रयागराज



## कार्यालय ग्राम पंचायत चितौरी वि. ख. जसरा, प्रयागराज

पत्रांकः / केन्द्रीय वित्त/पंचम वित्त/2024–25 दिनांक 28.06.2024

### अल्पकालीन निविदा

केन्द्रीय वित्त/राज्य वित्त/महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना योजनान्तर्गत वर्ष 2024–25 में प्रस्तावित निम्नलिखित कार्यों हेतु सामग्री आपूर्ति पंजीकृत एवं अधिकृत विक्रेता से दिनांक 29.06.2024 से 06.07.2024 तक सायं 4.00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। दिनांक 06.07.2024 को सायंकाल 4.30 पर निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदादाताओं एवं प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का विवरण | योजना/मद | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा मूल्य (रू0 में) | धरोहर राशि | आपूर्ति /कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चितौरी लेवादा में काली सड़क से तालाब तक इण्टरलाकिंग | केन्द्रीय/पंचम वित्त | 4.80 | 500.00 | 9600 | 2 माह |
| 2. | चितौरी पर्वत श्रीवास्तव के घर से अजीत श्रीवास्तव के घर तक इण्टरलाकिंग | केन्द्रीय/पंचम वित्त | 4.85 | 500.00 | 9700 | 2 माह |
| 3. | रतन सिंह के घर से सुभाष यादव के घर तक इण्टरलाकिंग | केन्द्रीय/पंचम वित्त | 4.50 | 500.00 | 9000 | 2 माह |
| 4. | चितौरी मे काली रोड से हरिशंकर के खेत तक WBM कार्य | केन्द्रीय/पंचम वित्त | 3.50 | 500.00 | 7000 | 2 माह |
| 5. | प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प के अन्तर्गत कार्य | केन्द्रीय/पंचम वित्त | 3.00 | 500.00 | 6000 | 2 माह |
| 6. | पूर्व मा. वि. में कायाकल्प के अन्तर्गत कार्य | केन्द्रीय/पंचम वित्त | 3.00 | 500.00 | 6000 | 2 माह |
| 7. | चितौरी में काली रोड से सुरेश के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | केन्द्रीय/पंचम वित्त | 3.50 | 500.00 | 7000 | 2 माह |

साामन्य शर्ते :–
1. कार्य की सम्पूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम विकास अधिकारी कार्यालय से ली जा सकती है। 2. निविदा दाता /कोटेशन दाता को समस्त रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जी.एस.टी. नं. के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र निविदा कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा। 3. निविदा धरोहर राशि 2 प्रतिशत जमानत के रूप में एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जमा करना होगा। 4. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय दिनांक 05.07.2024 तक पूर्वान्हन 12:00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। 5.किसी निविदा/कोटेशन को निरस्त करने का सर्वाधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा। 6.सभी कार्यो के लिए अलग–अलग निविदा/कोटेशन स्वीकारकी जायेगी। 7.सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी। 8. सामग्री की मात्रा घट–बढ़ सकती है।

नोट :– निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय चितौरी से प्राप्त की जा सकती है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय चितौरी में समस्त निविदायें भी खोली जायेगी।

दारासिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत चितौरी
वि0 ख0 जसरा प्रयागराज

के.पी. सिंह
ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत चितौरी
वि0 ख0 जसरा प्रयागराज

# शहर में झूमकर बरसा पानी, तापमान में गिरावट

## जगह-जगह हुआ जलभराव, पतले नालियों से देर से निकलता है पानी,

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मानसून की पहली वर्षा का आज बेल्हावासियों ने आनंद उठाया। वैसे तो जिले में कोहडौर, मोहनगंज, पट्टी में बारिश हुई थी लेकिन शहर में दो तीन बार बूंदाबांदी होकर धूप निकल आई थी। इससे लोग उमस भरी गर्मी से परेशान थे।

यद्यपि कि आसपास के क्षेत्रों में बारिश होने से तापमान 40 डिग्री के नीचे पिछले दस दिनों से आ गया था लेकिन लोग उमस से परेशान थे। शुक्रवार को प्रातः कुछ देर हल्की वर्षा हुई लेकिन अपरान्ह में लगभग ढाई बजे के बाद शहर में झूमकर पानी बरसा। लगभग डेढ़ घंटे तक वर्षा होने से वातावरण नम हो गया है। शहर के लोगों ने गर्मी और उमस से राहत ली है। वैसे वर्षा होने से जगह-जगह जलभराव की समस्या भी आई। यद्यपि कि वर्षा बंद होने पर सड़कों का पानी तो कम हो गया लेकिन गली-कूचों का जलभराव बना रहा। नया माल गोदाम रोड के बगल आदर्श नगर में गली में जलभराव के कारण



जैन गली में बारिश से सड़क बनी तालाब।

कुछ घरों में पानी भर गया था लेकिन जो मकान कुछ उंचाई पर बने थे, उन्हें आवागमन में भले ही परेशानी हुई हो, लेकिन घरों में पानी नहीं घुसा। शहर के रेलवे स्टेशन रोड पर वर्षा होने से पूरी सड़क डूब जाती है। उसका मुख्य कारण है कि तालाब की ओर जाने वाला नाला पतला हो गया है। उससे पानी नहीं निकल पाता है। विवेक नगर मोहल्ले में प्राथमिक विद्यालय बलीपुर के सामने तालाब



बारिशों के बीच गुजरते लोग।

जैसा दृश्य है। इस मोहल्ले के कई घरों व किचन में पानी भर गया है। इससे लोगों को परेशानी हुई है। वैसे नगर पालिका की टीम जलभराव का जायजा लेने के लिये घूमती रही। सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि एमडीपीजी कालेज के सामने और स्टेशन रोड पर जलभराव की समस्या सामने आई है जिसका निदान किया जा रहा है। उधर जिला सत्र न्यायालय प्रतापगढ़ गेट नंबर 3 के सामने नीचे साइबर लाइन में पानी भर जाने की वजह से बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिसमें एक आवारा पशु फंस गया और जिंदगी और मौत के बीच वह जूझ रही है।

## अचानक हुई बारिश से मिली राहत

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** अचानक इंद्रदेव के गरजने के साथ बरसात हों जाने से जंहा लोगो को थोड़ी बहुत राहत मिली वही ग्राम पंचायत परसई के पाइकगंज बाजार मे नाली की सफाई न होने से सड़को पर पानी भर गया नालिया से न निकलने वाली पानी सड़क पर बहकर इधर उधर खड़ंजा के रास्ते से निकल रहा है दिन मे हुई पहली बारिश से सफाई की पोल खुलती दिखाई दी। अचानक हुई बरसात से किसानो के मुरझाये चेहरे खुशी से खिल उठे बारिश न होने से किसानो की धान् की नर्सरी मे रोग लगने शुरु हो गया था जो वारिश के हो जाने से नर्सरी हरी भरी दिखाई देने लगी जिन किसानो की नर्सरी तैयार हो गई वह धान लगाने की तैयारी में अपने अपने खेत मे जुट गये है।बारिश होने से किसानो के चेहरे पर खुशी की झलक दिखाई दे रही है।

# कुण्डावासियों ने अयोध्या तक बस चलाने की मांग

## प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए बनाई जाए सुविधा

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ।** कुंडा से अयोध्या धाम तक रोडवेज बस की कोई सुविधा नही होने से यहाँ के रहने वाले आम लोगों को भारी दिक्कत उठाना पड़ता है, कुंडा के लोगों ने सरकार से अयोध्या धाम जाने के लिए कुंडा से सीधी बस चलाने की मांग किया है। फिलहाल अभी यहाँ के लोगों को अयोध्या जाने के लिए या तो प्रयागराज या प्रतापगढ से ही बस मिल पाती है। अगर एक बस का परिचालन यहाँ से अयोध्या के लिए शुरु की जाए तो जहाँ यात्रियों को आवागमन की सुविधा रहेगी वहीं राजस्व मे भी बढ़ोट्टारी होने की भी प्रबल संभावना भी है।

बताते चलें की कुंडा से बस सेवा प्रारम्भ होने के बाद पड़ोसी जनपद प्रयागराज के लालगोपालगंज,



कुण्डा बस स्टाप पर खड़ी रोडवेज बसें।

श्रृंग्वेरपुर, दहियावा बाजार और प्रतापगढ क्षेत्र कुंडा, मानिकपुर, संग्रामगढ़, नबाबगंज, बिहार, सकरदहा, हीरागंज, महेशगंज, डेरवा और जेठवारा समेत दर्जनों बाजारों के आसपास रहने वाले सैकड़ो गाँवो के लोगों को अयोध्या जाने मे सहूलियत मिलेगी। कुंडा के नगर पंचायत के रहने वाले व्यापारी एवं समाजसेवी संजय जायसवाल, अमर प्रभा सामाजिक संस्थान के निदेशक अभिषेक पांडे, फल व्यापारी दीपक सोनकर, युवा नेता युवराज सिंह, अधिवक्ता संजय पांडे, विनोद पांडे, प्रधान पुष्पेंद्र सिंह, प्रधान गुड्डू सिंह डड़वा, प्रधान राकेश पांडे, प्रधान नीलमणि सिंह, प्रधान लालमणि मिश्रा, प्रधान अवधेश मिश्रा, प्रधान बिन्नू मिश्रा समेत व्यापारी नेताओं ने सरकार से इस जरूरी बस सेवा को प्रारम्भ करने की मांग किया है। इस मामले को राजा भैया के संज्ञान मे भी ले जाया जायेगा ताकि इस कार्य को तेजी से संपन्न कराया जा सके।



मासूम की मौत पर रोते-बिलखते परिजन।

# लापता मासूम का कुएं में मिला शव, मची चीख पुकार

## पुलिस ने शव को अन्त्य परीक्षण के लिये भेजा

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के किठौली जलालपुर गांव से 11 वर्षीय मासूम घर से लापता हो गया था। जिसे सब गांव के समीप कुएं में मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस में फायर ब्रिगेड की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया।

गांव की रहने वाली सरस्वती पत्नी अवधेश कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि उसका 11 वर्षीय बेटा उमेश मंगलवार की रात्रि करीब 1 बजे से लापता हो गया है। शुक्रवार को पुलिस को पता चला कि गांव के समीप एक कुएं में शव पड़ा हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर कर्मियों की मदद से कुंए से शव को बाहर निकलवाया। शव की पहचान होने पर मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बता दे मृतक किशोर उमेश तीन भाइयों में मझला भाई था वह कक्षा 6 का छात्र था। बड़ा भाई मुकेश और छोटे भाई किशन के साथ ही अन्य परिवारीजन सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोर के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

# प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का सपाईयों ने किया स्वागत

## अशोक यादव की मौत पर हर संभव मदद का दिया भरोसा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल लखनऊ से वाया रायबरेली होकर जौनपुर जा रहे थे। इसी दौरान शुक्रवार को प्रतापगढ़ जनपद में जगह-जगह माला पहनाकर, आम और नीम का पौधा व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

बता दें कि रानीगंज नगर पंचायत के रस्तीपुर निवासी बूथ प्रभारी स्व.अशोक यादव उर्फ विवेक यादव पिछले दिनों सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनका दो दिवस पहले चंडीगढ़ पीजीआई में इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। उनके आवास परिवारजनों के बीच प्रदेश अध्यक्ष ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। तत्पश्चात् मृतक अशोक यादव की याद में उनके आवास पर आम का पौधा



प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का स्वागत करते सपाई।

लगाकर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की। उसके बाद रानीगंज निरीक्षण भवन पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की उसके पश्चात् निरीक्षण भवन कैम्पस में एक जुलाई से 7 जुलाई तक हरित चेतना पीडीए पेड़ पौधरोपण कार्यक्रम के तहत फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनीष पाल, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, अश्वनी सोनी, अनिल कुमार मौर्य, महिमा गुप्ता, उमंग यादव, सैफी सिद्दीकी, अंकुर मौर्या, किशोरी लाल यादव, उमेश यादव, अब्दुल नजीम, उत्तम सिंह यादव, बबलू पाल, विनोद पाल, मोहर्रम अली प्रधान, अब्दुल सलीम प्रधान, राहुल पाल, पवन मौर्या, अजीत चौरसिया, सुधीर श्रीवास्तव, अमरपाल यादव, साहिल, संदीप सरोज, विनोद यादव, भईयाराम यादव, महेंद्र पाल, बद्री प्रसाद यादव, गुलाम एडवोकेट सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

# दलित किशोर की हत्या में आरोपिता भेजी गयी जेल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने मैदान में डण्डे से हमले में हुई दलित किशोर की हत्या की आरोपिता को घटना में शामिल बाल अपचारी के साथ हिरासत में लेने में सफलता ली है। सांगीपुर थाना के दरोगा मुसाफिर यादव फोर्स के साथ शुक्रवार को गश्त पर निकले थे। पुलिस टीम ने घटना में शामिल अमेठी जिले के अमेठी थाना के सुक्खा तिवारी का पुरवा मजरे नरैनी निवासी राकेश गुप्ता के बाल अपचारी पुत्र तथा उसकी मां राकेश कुमार गुप्ता की पत्नी सीता देवी को थाना क्षेत्र के शाहबरी तिराहे से हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक किशोर की हत्या में प्रयुक्त डण्डा भी बाल अपचारी की निशानदेही पर बरामद हुआ है। बतादें क्रिकेट खेलते समय दो जुलाई की शाम सांगीपुर थाना के अमेठी सीमावर्ती गांव नवहादल निवासी अभय कनौजिया उर्फ आयुष की डण्डे से पीटकर आरोपियो ने हत्या कर दी थी।

# प्राकृतिक संतुलन के साथ जीवन की सुरक्षा के लिए जरूरी है पौधरोपण अभियान की संरक्षाः मोना

## राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान के तहत विधायक ने जागरूकता कार्यक्रम में किये पौधरोपण

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** वन महोत्सव सप्ताह के तहत गुरूवार की देर शाम क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने सांगीपुर में फलदार व औषधिपूर्ण पौधों को रोपित किया। ब्लाक परिसर में प्रमुख अशोक सिंह बबलू के संयोजन में राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान का विधायक मोना द्वारा शुभारंभ किया गया।अभियान के तहत नीम,



सांगीपुर ब्लाक परिसर में पौधरोपण करती विधायक आराधना मिश्रा मोना

आम, जामुन, मौलिश्री, हरश्रृंगार, बेल के पौध रोपित हुए। वहीं विधायक मोना के द्वारा दी गयी जागरूकता को लेकर ग्राम पंचायतों में प्रधानों तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं स्वयंसेवी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण अभियान को प्रभावी बनाने का संकल्प लिया। जागरूकता कार्यक्रम में विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि रोपित पौधों को संरक्षित करने की प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होनें कहा कि प्राकृतिक संतुलन तथा धरती को वाष्पीकरण के खतरे से बचाने के लिए पौधरोपण हमारे जीवन को संरक्षित रखने के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस मौके पर पूर्व प्रमुख रामकृपाल पासी, सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, सुधाकर पाण्डेय, संजय बघेल, राजू मिश्र, प्रभात ओझा, त्रिभु तिवारी, अभिनव शुक्ल, अतुल शुक्ला, रोहित सिंह, पप्पू सिंह आदि रहे।

## नवाबगंज पुलिस ने 25 हजार के इनामिया को किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थानाध्यक्ष धीरेन्द्र ठाकुर अपने हमराही सिपाहियों के साथ वाहन चेकिग कर रहे थे। इसी दौरान नवाबगंज थाना मे दर्ज कई मुकदमे का वाँछित अभियुक्त फिरदौस पुत्र मुबारक अली (29) वर्षीय निवासी जनवामऊ थाना नवाबगंज प्रतापगढ़ को गुरुवार की सुबह लगभग 8 बजे नवाबगंज थाना क्षेत्र के कालीदीन का पुरवा मोड़ के रामनगर की तरफ जाने वाली रोड पर मुखबिर की सटीक सूचना गिरफ्तार किया जिसके पास तलाशी के दौरान एक अदद 315 बोर तमंचा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया जिसमे पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेज दिया।

## दुर्घटना में महिला समेत दो चुटहिल, रेफर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला समेत दो गंभीर रूप से चुटहिल हो गये। शुक्रवार को दोपहर तीन बजे लालगंज कोतवाली के इटैला निवासी भरतलाल की पत्नी सीता देवी 60 अपने भतीजे फूलचंद्र 35 सरोज पुत्र जगदेव अंतू थाना के किठावर बाजार से घर वापस आ रही थी। पहाड़पुर रोड पर लीलापुर थानान्तर्गत इटौरी के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार फूलचंद्र को टक्कर मार दिया। दुर्घटना में सीता देवी व फूलचंद्र चुटहिल हो गये। आननफानन में लोगों ने घायलों को लालगंज ट्रामा सेण्टर पहुंचवाया। प्रारंभिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# आवंटित धनराशि लैप्स होने के बाद भी सड़क पर डाल दी गई गिट्टी

## पीडब्ल्यूडी की लापरवाही से राहगीर परेशान, एक वर्ष पहले कार्य को मिली थी स्वीकृति

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सड़क निर्माण के लिए आवंटित धनराशि लैप्स होने के बाद भी सड़क पर गिट्टी डाल दी गई। लगभग एक वर्ष बाद भी सड़क की प्रगति जस की तस बनी हुई है। जब कार्य को पूर्ण कराने की बात आती है तो विभाग धनराशि लैप्स होने की बात कहकर हाथ खड़ा कर देता है।

विकास खंड लालगंज क्षेत्र स्थित रायपुर तियाई-रामपुर राजमार्ग से जगन्नाथपुर को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण पीडब्ल्यूडी से लगभग 1500 मीटर हुआ है। पीडब्ल्यूडी के नियमानुसार विभाग खुद की जर्जर सड़को की मरम्मत कराता रहता है।उसी में एक सड़क जगन्नाथपुर की भी है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क मरम्मत का कार्य लगभग एक वर्ष से चल रहा है जो आज तक कार्यदाई संस्था द्वारा पूर्ण नही कराया जा सका है। मनमानी को लेकर लोग मामले की शिकायत जेई से किए। अवर अभियंता सड़क निर्माण के लिए आवंटित धनराशि लैप्स होने की बात कहकर हाथ खड़ा कर दिए। जब धनराशि लैप्स थी तो इस दशा में सड़क पर गिट्टी डालना विभाग की मनमानी को दर्शाता है।

विभाग की लापरवाही की सजा ग्रामीणों को भुगतनी पड़ रही है। जब कि जेई सड़क के टेंडर होने की बात भी करते है। वहीं विभागीय लोगो की मानें तो टेंडर होने के बाद धनराशि लैप्स नही होती है,कार्य को समय अवधि के भीतर न करा पाने की दशा में ही धनराशि लैप्स होती है या फिर कार्य पर टेंडर जब नही हो पाता है किसी कारण बस तो कार्य की आवंटित धनराशि वापस हो जाती है।

उसे वापस लाने के लिए पुनः प्रक्रिया करनी पड़ती है। अब मामले की हकीकत क्या है वह तो विभाग ही जानें? लेकिन जगन्नाथपुर के साथ अन्य गावों के लोग को भी विभागीय लापरवाही के चलते मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। बोल्डर गिट्टी की वजह से आए दिन राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे है। इस संबंध में जेई ने बताया की मार्ग पर कार्य की स्वीकृति मार्च 2023 के अंतिम में हुआ था, जिससे टेंडर प्रक्रिया ससमय पूर्ण न हो पाती इसलिए आवंटित धनराशि लैप्स हो गई है और अभी किसी भी प्रकार का धनावंटन प्राप्त नही हुआ है जिस वजह से कार्य बाधित है। धनावंटन के लिए पत्राचार किया गया है। धन आवंटित होने के बाद ही कार्य का होना संभव है।

## ईओ के निलम्बन पर चर्चाओं का बाजार गर्म

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील को आखिर निदेशक ने निलम्बित ही कर दिया। वह प्रतापगढ़ में इस पद पर लगभग डेढ़ वर्ष तक रहे। अपने बड़बोलेपन के कारण वह प्रायः चर्चा में रहते थे। नगर निकाय के निदेशक नितिन बंसल ने प्रतापगढ़ के निरीक्षण में जहां एक कूडे का ढेर लगाने और उसे जलाने से नाराज थे, वहीं इन्होंने अपने एक नजदीकी को नियुक्त भी कर लिया था जिसकी वजह से ये चर्चा में आए। नगर निकाय निदेशक ने पहले इनसे स्पष्टीकरण मांगा लेकिन स्पष्टीकरण पर संतुष्ट न होने पर इन्हें निलम्बित कर दिया। उनके निलम्बन पर तरह-तरह की चर्चाएं सोशल मीडिया पर प्रचारित हो रही हैं।

# बच्चों के विवाद में पत्थर बाजी करने का आरोप

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के किठौली जलालपुर गांव में बच्चों के विवाद में घर पर पत्थर बाजी करने के आरोपी की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की गई है। गांव की रहने वाली शांति पत्नी रामचंद्र विश्वकर्मा ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसकी बेटी रात करीब 9 बजे के आसपास नल पर पानी भरने गई थी इस दौरान गांव के ही कुछ लोगों द्वारा उसकी बेटी को मारना पीटना शुरू कर दिया गया शोर शराबी पर जब वह लोग मौके पर पहुंचे तो विपक्षी एक राय होकर ईट व पत्थर से हमला कर दिए। इस दौरान बीच बचाव को ए सुमन विश्वकर्मा पत्नी राजेंद्र को उक्त लोगों ने मां बहन की गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि इस दौरान विपक्षियों ने घर के सामने खड़ी डाला गाड़ी में भी तोड़फोड़ किया। पीड़ित मामले की शिकायत शुक्रवार की सुबह लेकर कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## भयहरण नाथ धाम में सावन मेला के संदर्भ में बैठक कल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम में भयहरण नाथ धाम क्षेत्रीय विकास संस्थान की प्रबन्ध समिति तथा मन्दिर व मेला व्यवस्था समितियों के जिम्मेदार पदाधिकारी प्रतिभाग कर सावन मेला की सुव्यवस्था के संदर्भ में चर्चा कर अपनी रणनीति बनायेंगे। बैठक में राजस्व, पुलिस विभाग व नगर पंचायत के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी देते हुए धाम के प्रबन्धन के संस्थापक महासचिव समाज शेखर ने बताया कि बैठक में सभी पक्षों के दृष्टिगत विचार कर निर्णय होंगे। धाम व धाम से जुड़ी सार्वजनिक व सामलाती भूमि से निजी अनाधिकार कब्जो को हटा कर धाम व मेलो के विकास व विस्तार पर चर्चा कर आगे की योजना तय होगी।

# अपराध नियंत्रण अभियान के तहत तमंचे व बम के साथ धराये आरोपी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नवागत एसपी डा. अनिल कुमार के अपराध नियंत्रण अभियान में लालगंज कोतवाली पुलिस को अलग अलग तमंचे तथा अवैध बम बरामदगी की दोहरी सफलता हाथ लगी है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव के निर्देशन में कोतवाली पुलिस की टीम शुक्रवार को क्षेत्र में गश्त पर निकली थी। दरोगा दीपक कुमार यादव फोर्स के साथ सुबह गश्त पर निकले थे। गोसांई का पुरवा अमावां के समीप एक बाग में संदिग्ध युवक पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस टीम ने आरोपी को दौड़ाकर धर दबोचा। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा तथा एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिसिया पूछताछ में आरोपी गोसांई का पुरवा अमावां निवासी रघुनंदन तिवारी के पुत्र उत्कर्ष तिवारी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को दोपहर बाद जेल भेज दिया। वहीं दरोगा दीपक कुमार यादव की टीम ने शुक्रवार की सुबह एक आरोपी को अवैध देशी बम के साथ भी हिरासत में लेने में सफलता ली। पुलिस टीम ने वर्मा नगर चैराहे पर चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी बीच सूचना मिली कि बगल के सराय भागमानी के पास एक युवक संदिग्ध गतिविधियों में घूम रहा है। पुलिस टीम आननफानन में मौके पर पहुंची और युवक को पूछताछ के लिए पकड़ लिया। पकड़े जाने पर आरोपी युवक खरावां मजरे गौखाडी निवासी मो. जुल्फीकार का पुत्र मो. अरसद की तलाशी में पालीथिन में बंधा पांच देशी बम पुलिस के हाथ लग गया। पुलिस ने मौके पर ही बरामद बमों को निष्क्रिय कराया। पुलिस ने आरोपी मो. अरसद के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 4/5 के तहत केस दर्ज किया है। आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया।

## शिक्षक के घर से चोरों ने लाखों के जेवरात समेत नकदी व लैपटाप उडाया

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शिक्षक के घर में अज्ञात बदमाशों ने चोरी की दुस्साहसिक वारदात अंजाम देते हुए सोने चांदी के लाखों के कीमती आभूषण समेत लैपटाप व पांच हजार नकदी पर हाथ साफ कर दिया। लालगंज कोतवाली के पूरे गंगाराम गजई निवासी पीयूष पाण्डेय प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं। पीडित ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती गुरूवार की रात वह निमंत्रण से घर वापस पहुंचा। पीड़ित मकान की दूसरी मंजिल पर सो गया। नीचे कमरे में उसकी मां एवं भतीजा सो रहे थे। शुक्रवार की सुबह छः बजे सीढ़ी का दरवाजा बंद देख शिक्षक की मां को अनहोनी की आशंका हुई। उसकी मां ने फोन कर दरवाजा बंद होने की जानकारी दी तो पडोसियों की मदद से किसी तरह दरवाजा खुला। छत पर घर में रखे बाक्स बिखरे पड़े थे। चोरों ने सोने चांदी के लाखों के जेवरात के साथ एक लैपटाप व पांच हजार नकदी उड़ा ले गये। पीडित के मुताबिक घटना में ढाई तोले का सोने का हार, मंगलसूत्र, दो कंगन, मांथ बेंदी, चांदी की बिछिया, पायल आदि चोर उड़ा ले गये। पीड़ित ने वारदात की सूचना शुक्रवार को पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि जांच की जा रही है। शीघ्र घटना का खुलासा किया जाएगा।

# कैम्प लगाकर एफपीओ को मण्डी लाइसेन्स तथा खाद, बीज एवं उर्वरक का लाइसेन्स दिया जाय

## एफपीओ को अधिक से अधिक सुविधायें उपलब्ध करायी जाय

अखंड भारत संदेश





**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी के साथ उदयन सभागार में कृषक उत्पादक संगठनो के संतृप्तीकरण अभियान अन्तर्गत जनपद स्तरीय मॉनीटरिंग समिति की बैठक की। बैठक में उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि जनपद में कुल 23 एफपीओ गठित हैं, जिसमें से 05 एफपीओ नाबार्ड द्वारा, 05 एफपीओ कृषि विभाग की स्वप्रेरणा से,भारत सरकार की योजनान्तर्गत 08 एफपीओ एनसीडीसी एवं नैफेड द्वारा गठित किये गये हैं तथा यूपीडास्प द्वारा 05 एफपीओ गठित कराय गये हैं। सभी एफपीओ शक्ति पोर्टल पर पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि एफपीओ को मण्डी लाइसेन्स तथा खाद, बीज एवं उर्वरक का लाइसेन्स, मार्केट लिंकेज के लिए ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफार्म आदि से संतृप्त किया जाना है।

उन्होंने बताया कि जनपद में गठित एफपीओ द्वारा स्थानीय उत्पाद का खरीद एवं बाजारीकरण तथा केला व मिर्च के उत्पादन को बढ़ावा देना, हल्दी, सरसों, गेहूँ, धान, आलू औषधीय खेती, बीज उत्पादन, मिलेट्स उत्पादन, सब्जी एवं फल का उत्पादन एवं पोल्ट्री आदि कार्य किया जा रहा हैं। जिलाधिकारी ने एफपीओ के सदस्यो से वार्ता कर एफपीओ द्वारा किये जा रहें कार्यों यथा- उत्पादित उत्पाद के मार्केटिंग एवं टर्नओवर आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारित करने के निर्देश दियें। उन्होंने एफपीओ के सदस्यां से कहा कि जिस भी स्तर पर आपको समस्या आ रहीं है तो अपनी समस्या से तत्काल अवगत करायें। उन्होंने उप कृषि निदेशक से कहा कि एफपीओ को कैम्प लगाकर लाइसेन्स देने की कार्यवाही करायी जाय। एफपीओ को मार्केटिंग के लिए अधिक से अधिक सुविधायें उपलब्ध करायी जाय, जिससे उनकी आमदनी और बढ़ सके।

## छत पर बारिश के पानी में नहा रही किशोरी की आकाशीय बिजली के चपेट में आने से मौत

**कौशाम्बी।** छत के ऊपर बारिश के पानी में नहा रही किशोरी आकाशीय बिजली के चपेट में आ जाने से मौत हो गई है। किशोरी के साथ नहा रहे अन्य बच्चे बेहोश हो गए। घटना की जानकारी होने पर परिजनो में कोहराम मचा गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना मंझनपुर कस्बे के गांधी नगर मोहल्ले की है जहां पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के नागिन टिकरी गांव के रहने वाले महेंद्र कुमार की कुछ दिन पहले मौत हो गई थी जिससे उसकी पत्नी अपने बच्चों के साथ मंझनपुर कस्बे के गांधी नगर कॉलोनी में आकर रहने लगी थी। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की दोपहर तेज गड़गड़ाहट के साथ अचानक बारिश होने लगी तभी विनय कुमारी की बेटी जाहन्वी और बेटा पंकज कुमार घर के छत पर गए और बारिश के पानी में नहाने लगे। नहाने के दौरान ही आकाशीय बिजली कड़की और चपेट में आ जाने से 12 वर्षीय जाहन्वी की मौत हो गई। वही साथ में नहा रहे अन्य बच्चे भी बेहोश हो गए। घटना की जानकारी होने के बाद परिजन सबको लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने जाहन्वी को मृत घोषित कर दिया।

## न्यूज झरोखा

### चौकी प्रभारी के प्रयास से गायब हुए लड़का को खोज निकाला घर आया लड़का को देख खुशी से झूम उठे घर के लोग

**दो दिन पहली घर से संदिग्ध परिस्थिति में हो गया था लड़का चौकी सिंघिया पुलिस ने लिया संज्ञान और कल देर शाम बरामद कर घर परिवार को किए सुपुर्द**



**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना के अन्तर्गत सिंघिया पुलिस क्षेत्र के रहने वाले प्रिण्यांशु अग्रहरी पुत्र कालका प्रसाद गुप्ता उम्र 19 वर्ष दो दिन पहली अचानक घर से गायब हो गया जिसकी तलाश घर के लोगों ने शुरू की ' जब कही कोई पता नहीं लगा तब घर परिवार के लोगों ने पुलिस चौकी प्रभारी सिंघिया नीरज उपाध्याय को प्रार्थना पत्र देकर तलाश करने की गुहार लगाई 'जिसपर चौकी इंचार्ज नीरज उपाध्याय ने अपने हम राही के साथ तलाश जारी करते हुए कल देर शाम उक्त लड़के को बरामद कर प्रियांशु को उसके घर को सुपुर्द किया घर में प्रियांशु को देख घर परिवार एवम मुहल्ले में खुशी से सभी लोग झूम उठे '। तभी घर के लोगों ने मिठाई एक दूसरे को खिलाकर खुशी का इजहार किया इस बीच चौकी इंचार्ज को बधाई देने वालों मे घर मुहल्ले के अलावा राजेश अग्रहरी प्रखर सक्सेना शिवम सक्सेना शंकर लाल अग्रहरि दीपू अग्रहरि आदि भी चौकी इंचार्ज नीरज उपाध्याय को पुलिस चौकी सिंघिया पहुंचे ओर कहा कि आपकी मेहनत की वजह से लड़का बरामद हो सका।

### ट्रेन के चपेट में आने से युवक की मौत



**हर्रायपुर कौशाम्बी** सांदीपनघाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज चौकी अंतर्गत मरधरा व अशरफ पुर रेलवे क्रॉसिंग के बीच में ट्रेन के चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी है जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस और परिजनों को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बिन्दु पुत्र स्वर्गीय मूलचन्द निवासी हरदुवा थाना चरवा किसी काम से मूरतगंज गया था मूरतगंज से वापस जाते समय मरधरा व अशरफ पुर रेलवे क्रॉसिंग के बीच में वह ट्रेन के चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी मामले की सूचना पुलिस को दी गई है हादसे की जानकारी मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया है रोते बिलखते परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं परिवार में कोहराम मचा है।

### अनियंत्रित वाहन सड़क निर्माण कार्य के गड्ढे में घुसा

**एनएचएआई दे रही है वाहन चालकों को मौत का दावत बिना बैरिकेडिंग लगाए सड़क पर कर रहे निर्माण**




**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत मूरतगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के बड़ी धन्नी बसावनपुर के पास एक अनियंत्रित वाहन गड्ढे में घुस गया है जिससे वाहन पलट गया है हादसे में चालक को मामूली चोटें आई है बड़ी घटना होने से बच गई है जानकारी के मुताबिक एनएचएआई द्वारा रामवन गमन मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है जिससे सड़क पर मौके पर कुआ की तरीके से बड़े बड़े गड्ढे करने के बावजूद कही भी सतर्कता का बैनर या पोस्टर नही लगया गया और जहाँ निर्माण कार्य कर रहे है वहाँ बैरिकेडिंग नही लगया गया जिससे शुक्रवार की सुबह एक अनियंत्रित आइसर वाहन बड़ी धन्नी बसावनपुर के पास गड्ढे में घुस गई है जिससे आवागमन बाधित हो गया मौके पर लोगों को भीड़ लग गई है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस का कहना है कि इस हादसे में किसी के जान माल का नुकसान नही हुआ है

# नगर पंचायत के 8 वार्डो में बनेगा जिम

## राज्य वित्त से 37 लाख की लागत से एक महीने में बनकर होगा तैयार, सौंदयीर्कृत धोबीघाट में तैयार हो गया ओपन जिम, चेयर मैन और ईओ की नगरवासी कर रहे सराहना

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा अध्यक्ष शांती देवी कुशवाहा ने नगर की जनता को लगभग 37 लाख से बनने वाले 5 ओपन और विद्यालय के बच्चों के लिए 3 जिम को शासन से स्वीकृत पाने के बाद कार्य शुरू करवा दिया है नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह नगर की जनता के स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए नगर के अंदर जिम करने की मशीनरी शासन से हरी झंडी मिलते ही उपलब्ध करवा दी है जिसमे योगासन सहित विभिन्न उपकरण बैठाने का कार्य शुरू हो गया है इसी कड़ी में सौंधीर्कृत धोबीघाट तालाब प्रांगण में ओपन जिम लगाया गया है और वार्ड नंबर 1 भौतर ,वार्ड नंबर 3 शांती नगर,वार्ड नंबर 8 गांधी नगर,वार्ड नंबर 12 सब्जी मंडी में ओपन जिम का निर्माण होगा वहीं वार्ड नंबर 4 मढिया मई प्राथमिक विद्यालय,वार्ड नंबर 11प्राथमिक विद्यालय में,वार्ड 3 शांतिनगर जूनियर में बच्चो के जिम संसाधन लगाए जायेंगे अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने कहा स्वास्थ्य ,फिटनेस हेतु लगाई जाने वाली मशीन चिन्हित स्थानों में एक माह के अंदर लगा दी जायेंगी।नगर वासियों ने कहा सौंदर्यी कृत धोबी घाट तालाब स्वास्थ्य फिटनेस हेतु अग्रणी स्थान है जहां सुबह सवेरे तमाम महिलाए और पुरुष टहलते हैं स्थानीय निवासी तालाब में अपशिष्ट पदार्थ फेंक देते हैं।

# आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पौधारोपण किया जाय सुनिश्चित





**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा उदयन सभागार में वृक्षारोपण महाभियान-2024 के सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारियों एवं सचिव, ग्राम पंचायतों के साथ बैठक की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि 20 जुलाई 2024 को वृक्षारोपण महाभियान के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाना हैं। उन्हांने कहा कि आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पौधों का उठान एवं गड्ढां की खुदाई का कार्य समय से सुनिश्चित कर लिया जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय, लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। पौधारोपण अमृत सरोंवरों, पंचायत भवन के परिसर एवं गौशालाओं आदि जगहों पर किया जाय। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतवार आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष पौधारोपण का विवरण रजिस्टर में अंकित किया जाय। लाभार्थियों को दिये गये पौधों का विवरण भी रजिस्टर में दर्ज किया जाय। उच्च अधिकारियों द्वारा पौधारोपण के कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया जायेंगा। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सुनिश्चित करें कि ग्राम पंचायत को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष पौधारोपण का कार्य हो जाय। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं सचिव, ग्राम पंचायत से कहा कि वर्षा के दृष्टिगत गॉवों में जल-जमाव न होने पायें, इस पर विशेष ध्यान दिया जाय।

### डंपर से डीसीएम टकराया डीसीएम चालक की मौत



**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के रामजी होटल के पास गुरुवार की रात लगभग 12 बजे आइसर डीसीयम जो कानपुर से बनारस परचून किराने का सामान लाद कर जा रहा था अचानक तभी आगे चल रहे डम्फर ने अचानक ब्रेक लगाने से डीसीयम चालक जा टकराया जिससे चालक हसन मोहम्मद पुत्र मेहंदी हसन उम्र 30 वर्ष निवासी कानपुर हसिंगवा थाना चकेरी का निवासी है हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के पहुंचने पर लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मौके से डम्फर चालक फरार हो गया हैं घटना इतनी जबरदस्त थी कि चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी पुलिस ने शव को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया।

# सीएम योगी से मिले पूर्व विधायक संजय गुप्ता

## कई अधिकारी मुख्यमंत्री के निशाने पर जिन पर जल्द ही गिर सकती है गाज, भारतीय जनता पार्टी की स्थितियों की अंदरूनी चर्चा मुख्यमंत्री से संजय गुप्ता ने की

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** लखनऊ स्थित पांच कालिदास मार्ग मुख्यमंत्री आवास पर उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुरुवार को चायल के पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने व्यक्तिगत मुलाकात कर जनपद से जुड़े हुए तमाम विषयों पर चर्चा परिचर्चा किया कौशांबी के कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी मुख्यमंत्री ने संजय गुप्ता से वार्ता कार स्थिति का हाल-चाल जाना है। जिले के चायल विधानसभा से पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता गुरुवार को लखनऊ पहुंचे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान उन्होंने जिले के अधिकारियों की स्थिति की चर्चा की साथ ही उन्होंने जिले में विकास योजना और भ्रष्टाचार की चर्चा भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की है कई अधिकारी मुख्यमंत्री के निशाने पर हैं जिन पर जल्द ही मुख्यमंत्री की गाज गिर सकती है भारतीय जनता पार्टी की स्थिति पर भी मुख्यमंत्री ने संजय गुप्ता से वार्ता की जिस पर उन्होंने पार्टी की स्थितियों की अंदरुनी चर्चा मुख्यमंत्री से की है जिले में विकास कराए जाने को लेकर संजय गुप्ता ने तमाम प्रस्ताव मुख्यमंत्री के सामने रखे हैं और पूर्व विधायक संजय गुप्ता के प्रयास से जल्द ही कौशाम्बी जिले में तमाम नई कार्य योजना शुरू हो सकती है।

# दर्शन पूजन करने जा रहे श्रृद्धालुओं की पिकप पलटी,कई घायल



**अझुवा कौशांबी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के लेहदरी गांव के समीप शुक्रवार की सुबह श्रद्धालुओं से भरी पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 20 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। घटना के बाद चीख पुकार मच गई।स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल भेजा। कई लोगों को गंभीर चोट आने पर उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। प्रतापगढ़ के नवाबगंज थाना क्षेत्र के सेंदुराईपुर मजरा अदलाबाद गांव से शुक्रवार की सुबह तीन पिकअप में सवार होकर करीब एक सौ से अधिक लोग कड़ाधाम दर्शन पूजन के लिए आ रहे थे। जैसे ही पिकअप लेहदरी गांव के समीप पहुंची तभी पिकअप चालक ने सामने आए ट्रक से बचने के लिए अचानक ब्रेक मार दिया। इससे बाद असंतुलित पिकअप सड़क किनारे पलट गई। वाहन में करीब 30 से 35 लोग सवार थे। वाहन पलटने से चीक पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही बचाव कार्य शुरू कर दिया। वाहन में फंसे लोगों को किसी तरह से बाहर निकाला। एंबुलेंस बुलाकर सभी को अस्पताल भेजा गया।पिकप पलटने से मानवी (1 वर्ष) पुत्री शिवबाबू, जसवंत (20) पुत्र बहादुर, रामदयाल (79) पुत्र सुख नंदन, सागर (16) पुत्र गोकरन, राजन (28) पुत्र शिवबालक, बाबूलाल (60) पुत्र मैकूलाल, राजकुमार (37) पुत्र शीतला प्रसाद, सुरेश कुमार (32) पुत्र सुरजबली, आभाष पांडेय (16) पुत्र अवधेश कुमार, जियालाल (20) पुत्र रामसजीवन, प्रिंस कुमार (14) पुत्र सूर्यप्रकाश, अभिषेक कुमार (14) पुत्र सुशील कुमार, होरीलाल (60) पुत्र बैजनाथ, राजू (40) पुत्र तेजीलाल, धर्मेश कुमार (38) पुत्र रामआसरे, शिवकरन (38) पुत्र रामअभिषेक, मिथुन (23) पुत्र रामआसरे, अमरनाथ (60) पुत्र जगदीश, सूर्यप्रकाश उर्फ गेंदालाल (40) पुत्र गिरिजाशंकर, सौरभ सरोज (20) पुत्र शिवपूजन, रितिक (7) पुत्र राजाराम, राजाराम (50) पुत्र रामकिशुन जख्मी हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कड़ा में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जसवंत, रामदयाल, राजन, बाबूलाल, राजकुमार, आभाष पांडेय, प्रिंस कुमार, अभिषेक कुमार, होरीलाल, राजू व शिवकरन की हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है।

### शनिवार को सुबह कांग्रेस कार्यकर्ता जिला अधिकारी को देंगे ज्ञापन

**कौशाम्बी।** शनिवार की सुबह 12 बजे दिन जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय मंझनपुर में मासिक बैठक वा NEET UG 2024 परीक्षा में हुई अनियमितताओं, और पेपर लीक का मामला को हमारे नेता राहुल गांधी ने जनता के सामने उजागर किया कौशांबी जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता, उत्तर प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के पूर्व पदाधिकारी एवं विधानसभा एवं लोकसभा पूर्व प्रत्याशी व सभी फ्रंटल संगठन (ठरवक्युवा कॉंग्रेस, महिला कॉंग्रेस) के जिला अध्यक्ष के प्रति जिला कार्यालय में उपस्थित हो कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि अपने झूठ का खुलासा देखकर भाजपाइयों ने पुलिस एव प्रशासन के संरक्षण में हमारे नेता की फोटो को जलाने की नाकाम कोशिश इनके भय का आलम यह था की इन लोगों ने वाराणसी जनपद में प्रदेश अध्यक्ष के पुस्तैनी घर जहां उनके परिवार के लोग रहते हैं वहां पर पुलिस संरक्षण में जाकर राहुल की फोटो को जलाने की कोशिश की गई जो हमारे देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं के खिलाफ है इसी क्रम में संयुक्त तत्वाधान में उपरोक्त घटना के विरोध में शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन देना सुनिश्चित हुआ है।

# हर विद्यार्थी का विद्यालय में पहुंचना छात्रों के भविष्य के लिए जरूरी : कार्तिकिय पति

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने परिसर चलो बाईकयात्रा निकाल किया छात्रों का परिसर चलने का आवाहन



**कौशाम्बी।** भारत के प्रत्येक विद्यार्थी को शिक्षण कार्य के लिए विद्यालय तक पहुंचाने के लक्ष्य को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने परिसर चलो यात्रा निकाली है। इसी क्रम में अमेठी से चलकर जौनपुर, प्रतापगढ़, कुंडा होते हुए शुक्रवार को एक यात्रा कौशाम्बी जिला के मंझनपुर मुख्यालय पहुंची। जहां पर सैकड़ो की संख्या में छात्रों ने बाइक यात्रा निकालकर छात्रों से परिसर चलने के लिए पहल कर जागरूक किया यह यात्रा मंझनपुर मुख्यालय चौराहे पर एक जन सम्मेलन के साथ समापन की गई। इस मौके पर बोलते हुए छात्र नेता व एबीवीपी प्रांत सह मंत्री कार्तिकेय पति त्रिपाठी ने कहा कि अधिक से अधिक छात्रों को परिसर ले चलना इस अभियान का उद्देश्य है कोरोना कल से परिसर की जगह ऑनलाइन शिक्षा ले लिया है जो की महंगा स्वरूप है यही नहीं अब छात्र कोचिंग के भी भरोसे हो गए है जिसके चलते परिजनों पर वित्तीय बोझ बढ़ रहा है वहीं छात्रों को परिसर की शैक्षणिक पर्यावरण नहीं मिल पा रहा है जो छात्रों की भविष्य के लिए चिंता जनक है। इस मौके पर संगठन के प्रांत सह मंत्री कार्तिकेयपति त्रिपाठी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पुनीत मिश्रा, विभाग संगठन मंत्री अनिल जी, विभाग संयोजक ऋषभ, प्रांत एग्रीवीजन सह संयोजक प्रशांत सिंह, जिला संयोजक शिवबाबू ने भी आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अश्वनी सिंह,कमल पटेल, शिवांशु शुक्ला , आशीष द्विवेदी, ऋषी मिश्र, अमन कुमार,अनुप पटेल,आकाश कुमार, रवि पटेल, कुलदीप पटेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तीन अंतर्जनपदीय शातिर चोर गिरफ्तार

**ट्रैक्टर ट्राली चोरों को सैनी पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल, अभियुक्तों और ट्रैक्टर ट्राला बरामद करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक ने 10 हजार दिया नकद इनाम**

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कौशांबी के निदेर्शानुसार अपराध एवम अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चोरी गए ट्रैक्टर और ट्राला और चोरी को अझुवा चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द किया है गिरफ्तार करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक कौशांबी ने 10 हजार का नकद पुरस्कार दिया है। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 1 भौंतर निकट जीटी रोड के पास से धर्मेंद्र कुमार का न्यू हालैंड ट्रैक्टर व ढ73सी3 838 और ट्राला 24 जून को चोर उठा ले गए थे जिसका मुकदमा सैनी कोतवाली में पंजीकृत किया गया था सर्किल आफिसर अवधेश कुमार विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में अझुवा चौकी इंचार्ज अरुण कुमार मौर्य और उनकी टीम चोरी गए ट्रैक्टर और ट्राला को तलाश रहे थे इसी क्रम में पुलिस टीम प्रतापगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज देखते हुए संभावित जगहों में तलाश किया पुलिस टीम को ट्रैक्टर ट्राली में लिखे गुप्ता ट्रेडर्स तलाश में मदद मिली और अंतर्जनपदीय लुटेरे विनोद कुमार पुत्र गामा यादव ,अमन यादव पुत्र अमित यादव ,अभिषेक पुत्र सुभाष वेनवंशी निवासी गण अमेहता सिघौना थाना खानपुर जिला गाजीपुर के कब्जे से ट्रैक्टर ट्राली को सैनी कोतवाली के अटसरई गिट्टी प्लांट के पास से बरामद किया जिसका खुलासा सिराथू क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार विश्व कर्मा ने किया है गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चौकी इंचार्ज अझुवा अरुण कुमार मौर्य, उपनिरीक्षक रघुराज, उपनिरीक्षक अंकित तिवारी कांस्टेबल अभिषेक दत्त मिस्त्र, कांस्टेबल भारद्वाज, कांस्टेबल सूर्य कुमार आर्य रहे हैं।

### जिला पंचायत की बैठक स्थगित

**कौशाम्बी।** जिला पंचायत की बैठक अध्यक्ष, जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर की अध्यक्षता में दिनांक 06 जुलाई 2024 को रत्नावली सभागार, मंझनपुर में आहूत की गई थी, जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। आगामी बैठक की सूचना पृथक से दी जायेंगी।

### जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति बैठक संपन्न

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता मे जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति बैठक संपन्न हुई बैठक में भूमि संरक्षण विभाग की समस्त संचालित योजनाओं- खेत-तालाव योजना तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना आदि की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने विगत वित्तीय वर्षों में किये गये कार्यों का परियोजना स्तर पर क्या प्रभाव रहा, इससे कृषकों की फसल पैदावार कितनी बढ़ी समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खेत-तालाव योजना में अच्छादित कृषको को मत्स्य व उद्यान विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क स्थापित करके उनके विभागीय योजना से अधिक से अधिक लाभान्वित किया जाए। उन्होंने भूमि संरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया कि खंड विकास अधिकारियों से समन्वय कर भूमि संरक्षण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से किसानों को जागरूक किया जाय। उन्होंने उप कृषि निदेशक से कहा कि कृषि से जुड़े सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें।

### उद्योग स्थापित करने के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी** वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पी0एम0ई0जी0पी0) के अन्तर्गत शासन द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करने के लिए (जिनकी आयु 18 वर्ष से कम न हो) आनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। यह जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री चन्द्र शेखर वर्मा ने देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत विनिर्माण उद्योग के लिए अधिकतम 50 लाख रुपए तथा सेवा उद्योग के लिए प्रोजेक्ट काष्ट 20 लाख तक का आवेदन कर सकतें हैं। ग्रामीण क्षेत्र के अनु0जाति, अनु0जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, भूतपूर्व सैनिक एवं महिला लाभार्थियों को स्वीकृत ऋण पर 35 प्रतिशत अनुदान व सामान्य वर्ग के लिए 25 प्रतिशत अनुदान है। शहरी क्षेत्र में आरक्षित वर्ग को 25 प्रतिशत अनुदान व सामान्य वर्ग को 15 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य हैं। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय विकास भवन कक्ष सं0-44 मंझनपुर से सम्पर्क कर सकतें हैं।

## संपादक की कलम से

# गर्मी से गहराता संकट

'क्लाइमेट ट्रेंड्स' की प्रबंध निदेशिका आरती खोसला के मुताबिक जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ते तापमान से सूखे की स्थिति पैदा होगी जिससे मीठे पानी के महत्वपूर्ण स्त्रोत प्रभावित होंगे। इसी वर्ष के अधिकारिक आंकड़ों के अनुसार देश के 150 मुख्य जलाशयों की मानीटरिंग में पता चला है कि इनमें 39.765 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) पानी बचा है जो कुल भंडारण क्षमता का सिर्फ 22 प्रतिशत है भारत का साल 2024 पिछले 15 वर्षों में सबसे तीव्र और सबसे अधिक गर्मी वाले दिनों का वर्ष बन गया है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरप्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तराखंड, हिमाचल, मध्यप्रदेश, झारखंड और बिहार में अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से 5.1 डिग्री सेल्सियस अधिक था। आधिकारिक आंकड़ों के हिसाब से 25000 से अधिक हीटस्ट्रोक की घटनाएं और करीब 60 लोगों की मौतें हुई हैं। इन आंकड़ों में मतदान के दौरान भीषण गर्मी से होने वाली चुनाव कर्मियों की मौतें शामिल नहीं हैं। आंकड़ों के अनुसार केवल अंतिम चरण के मतदान में 33 चुनाव कर्मियों की मौतें हुई थीं। ये आधिकारिक आंकड़े हैं, असली संख्या इससे कई गुना अधिक हो सकती है। 'लेसेंट प्लेनेटरी हेल्थ' की स्टडी के अनुसार वर्ष 2000 से 2019 के बीच दक्षिण एशिया में हर साल गर्मी से एक लाख दस हजार से अधिक मौतें हुई हैं। वैज्ञानिक गर्मी के प्रभाव को तापमान और नमी के हिसाब से देखते हैं। तेज गर्मी और हवा में नमी की मात्रा बढ़ जाए तो यह इंसान के लिए मारक हो जाता है। पिछले 100 सालों में भारत में धरती का तापमान लगभग 0.7 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है। यहां गर्मी के कारण 2030 तक श्रमिकों के काम के घंटे कम होने से 'सकल घरेलू उत्पाद' (जीडीपी) को 2.5 - 4.5 प्रतिशत तक नुकसान का खतरा रहेगा। यह 12 लाख करोड़ रुपए से 20 लाख करोड़ रुपए के बीच हो सकता है। भारत ही नहीं, पूरी दुनिया को बढ़ते तापमान ने झकझोर दिया है। पिछले वर्षों में दुनिया के कई देशों में रेकार्ड- ब्रेकिंग तापमान दर्ज किए गए हैं। जैसे - जुलाई 2022 में इंग्लेंड में पहली बार तापमान 40 डिग्री पार कर गया तो चीन के उत्तर- पश्चिम के एक छोटे शहर में पिछले साल 52 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था। यह चीन में अब तक का सबसे अधिक दर्ज तापमान है। 2021 में इटली के सिसली में 48.8 डिग्री तापमान था जो यूरोप में अब तक का सबसे अधिक तापमान था। इस साल हज के दौरान कम-से-कम 645 हज यात्रियों की मौत हीटवेव से हो चुकी है जिसमें 68 भारतीय हैं। 'सउदी अरब राष्ट्रीय मौसम विज्ञान' के अनुसार 17 जून 2024 को मक्का की 'ग्रेंड मस्जिद' में तापमान 51.8 डिग्री तक पहुंच गया था। दूसरी ओर नई स्टडी में खुलासा हुआ है कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण आर्कटिक महासागर में 2030 तक ग्रीष्मकालीन समुद्री बर्फ पूरी तरह गायब हो सकती है, यानि अगले सात साल में गर्मियों में इस महासागर में बर्फ नजर नहीं आएगा। आर्कटिक बर्फ पृथ्वी की इम्युनिटी है, ये नहीं रही तो ग्लोबल ईको सिस्टम बिगड़ेगा। ग्लोबल वार्मिंग से हिमालय के ग्लेशियरों के पिघलने की रफ्तार 15 प्रतिशत तक बढ़ रही है जिससे बफीर्ली झीलों पर खतरा बढ़ रहा है। बढ़ती गर्मी के कारण झीलें साल-दर-साल पिघल रही है। कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश की 28043 ग्लेशियर झीलों में से 188 झीलें कभी भी तबाही का बड़ा कारण बन सकती हैं। इससे लगभग तीन करोड़ की आबादी पर बड़ा संकट मंडरा रहा है। 2023 में सिक्किम में लहोनक ग्लेशियर झील फटने से 180 लोगों की मौत और लगभग 5000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। 2021 में उतराखंड नीति-घाटी की बड़ी ग्लेशियर झील फटने से 205 लोगों की मौत और लगभग 1500 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। 'क्लाइमेट ट्रेंड्स' की प्रबंध निदेशिका आरती खोसला के मुताबिक जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ते तापमान से सूखे की स्थिति पैदा होगी जिससे मीठे पानी के महत्वपूर्ण स्त्रोत प्रभावित होंगे। इसी वर्ष के अधिकारिक आंकड़ों के अनुसार देश के 150 मुख्य जलाशयों की मानीटरिंग में पता चला है कि इनमें 39.765 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) पानी बचा है जो कुल भंडारण क्षमता का सिर्फ 22 प्रतिशत है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में लोग भीषण गर्मी के बीच पानी की गंभीर कमी का सामना कर रहे हैं। टैंकरों से पानी भरने के लिए लम्बी कतारें देखी गई हैं। देश के 6,533 ब्लॉकों में से 27 प्रतिशत में भूगर्भ जल काफी नीचे, खतरनाक स्थिति तक पहुँच गया है। इसमें से 11 प्रतिशत डार्क जोन की श्रेणी में हैं। देश में भूगर्भ जल की सबसे खराब हालत राजस्थान में है। यहां 203 डार्क जोन हैं। 2048 तक दुनिया के औसत तापमान में 4 डिग्री बढ़ोतरी होने का अनुमान है। गर्मी बढ़ने से उर्जा की मांग बढ़ेगी, जिससे वायु प्रदूषण फैलेगा। इससे दुनिया में 70 लाख मौतें हो सकती हैं। गर्मी के कारण कृषि पैदावार में गिरावट आने से भुखमरी बढ़ेगी, अकाल जैसे हालात हो सकते हैं। विश्वबैंक के अनुसार सिर्फ ग्लोबल वार्मिंग की वजह से ही 2030 तक दुनियाभर में अतिरिक्त 13 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे पहुंच सकते हैं। 'यूएन' की 'वर्ल्ड माइग्रेशन रिपोर्ट 2024' में दावा किया गया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण 2050 तक 21 करोड़ से ज्यादा लोग विस्थापित होने के लिए मजबूर होंगे। ऐसे कई अनुमान हैं, जो अर्थव्यवस्था पर बढ़ते तापमान के नकारात्मक असर को लेकर चेतावनियां जारी कर रहे हैं। भारत के लिए हालात इसलिए और गंभीर हैं, क्योंकि हमारे यहां 47 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान वाले दिनों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रहा है। बीते 12 साल में ऐसे तापमान वाले राज्यों में राजस्थान (145 दिन), आंध्रप्रदेश (111), ओडिशा (108), हरियाणा (101), झारखंड (99) और मध्यप्रदेश (78 दिनों) हैं।

# शनिवार से शुरू हो रही है गुप्त नवरात्री, जानें क्या है महत्व

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में आषाढ़ महीने की गुप्त नवरात्री शनिवार से शुरू हो रही है। इस दौरान महाविद्याओं में पूजा करने का विधान है। इसका समापन 15 जुलाई को होगा, गुप्त नवरात्रि में पूजा करने का विशेष महत्व है। गुप्त नवरात्रि के बारे में जानकारी देते हुए श्री हजारेश्वर महादेव मंदिर महंत श्रीचंद्रभारती महाराज ने बताया कि प्रत्येक वर्ष में दो बार माघ और आषाढ़ महीने में गुप्त नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। आषाढ़ महीने के गुप्त नवरात्र शनिवार से शुरू हो रहे हैं जिनका 15 जुलाई को समापन होगा। इस बार ये 9 नहीं बल्कि दस दिनों तक है। गुप्त नवरात्रि में मुख्य रूप से तंत्र साधनाओं का महत्व होता है जिन्हें गुप्त रूप से किया जाता है इसलिए यह गुप्त नवरात्रि कहलाती है। उन्होंने कहा कि इस गुप्त नवरात्री में अघोरी और तांत्रिक गुप्त महाविद्याओं को सिद्ध करने के लिए विशेष पूजा अर्चना करते हैं। यह मोक्ष की कामना के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है। गुप्त नवरात्री देवी के भक्तों के लिए बहुत खास है, इस दौरान मां दुर्गा के सप्तशती का पाठ करने से भक्तों को शुभ फलों की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि प्रथम दिन मां काली, दूसरे दिन मां तारा, तीसरे दिन मां त्रिपुरा सुंदरी, चौथे दिन मां भुवनेश्वरी, पांचवें दिन मां छिन्नमस्ता, छठे दिन मां भैरवी, सातवें दिन मां धूमावती, आठवें दिन मां बगलामुखी, नौवें दिन मां मातंगी देवी और दसवें दिन मां कमला की साधना करने से माता रानी की विशेष कृपा होती है। बता दें, गुप्त नवरात्रि हिंदू का नौ रात तक मनाया जाने वाला त्यौहार है। इस दौरान मां शक्ति के विभिन्न रूपों को पूजा जाता है। इस दौरान भक्त देवी का आशीर्वाद और आध्यात्मिक विकास पाने के लिए उपवास रखते हैं, मंत्र पढ़ते हैं और पूजा करते हैं। कहा जाता है कि इस दौरान माता की आराधना करने से सिद्धि प्राप्त होती है।

# पुलों का ढहना शासन-तंत्र की भ्रष्टता का प्रमाण

– ललित गर्ग –

बिहार में एक पखवाड़े के भीतर लगभग एक दर्जन छोटे-बड़े पुलों के ध्वस्त होने की घटनाएं हैरान करने के साथ-साथ चिंतित करने वाली हैं। जैसी खबरें हैं, अकेले बुधवार, यानी 3 जुलाई को ही राज्य के विभिन्न हिस्सों में पांच पुल-पुलिया धराशायी हो गए। इनमें सिवान में छाड़ी नदी पर बने दो पुल शामिल हैं। इससे पहले दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर टर्मिनल-1 पर छत गिरने की घटना से भी हर कोई हैरान है। इस हादसे के कारण अनेक वाहन क्षतिग्रस्त हुए एवं एक व्यक्ति की मौत हो गई और 8 लोग घायल हुए थे। सभी को इस बात की हैरानी हो रही है कि देश के सबसे प्रमुख हवाईअड्डे पर इस तरह का हादसा कैसे हो सकता है? मुंबई में भी घाटकोपर का होर्डिंग गिरना 14 लोगों की मौत का कारण बना था। इन पुलों के गिरने एवं अन्य सरकारी निमार्णों के ध्वस्त होने की घटनाओं ने एक बार फिर यही साबित किया है कि निर्माण कार्यों में फैले व्यापक भ्रष्टाचार और शासन तंत्र में बैठे लोगों की मिलीभगत के बीच ईमानदारी, नैतिकता, जिम्मेदारी या संवेदनशीलता जैसी बातों की जगह नहीं है। आज हमारी व्यवस्था चाहे राजनीति की हो, सामाजिक हो, पारिवारिक हो, धार्मिक हो, औद्योगिक हो, शैक्षणिक हो, चरमरा गई है, दोषग्रस्त हो गई है। उसमें दुराग्रही इतना तेज चलते हैं कि ईमानदारी बहुत पीछे रह जाती है। जो सद्प्रयास किए जा रहे हैं, वे निष्फल हो रहे हैं। पुल के गिरने से जितने पैसों की बबार्दी हुई, उसकी भरपाई आखिर किससे कराई जाएगी? बिहार में पुल गिरने की ताजा घटनाएं कोई पहली नहीं है। इससे पहले पिछले साल भर में सात पुलों के ढह जाने की खबरें आईं थी।

जाहिर है, इन पुलों के ढहने एवं गिरने से कई गांवों का आपस में सीधा संपर्क टूट गया है और मानसून के मौसम में उनकी परेशानियां बढ़ गई हैं। बरसात के मौसम में जर्जर ढांचों के गिरने की घटनाएं ज्यादा घटती हैं और इसीलिए सभी राज्यों में स्थानीय प्रशासन मानसून आने से पहले ही उनकी पहचान कर उनका इस्तेमाल प्रतिबंधित कर देता है। मगर पुल कोई रिहाइशी इमारत नहीं, जिसमें चंद परिवार या कुछ लोग रहते हों, और जिसे एहतियातन खाली करा लिया जाए। ये पुल ग्रामीण लोगों के जीवन की अनिवार्यता एवं जीवनरेखाएं हैं। उच्च तकनीक और प्रौद्योगिकी के मौजूदा समय में उच्च लागत के बावजूद छोटी नदियों और नहरों पर बनने वाले पुल भी यदि चंद वर्षों में या बनते ही धराशायी हो जाएं, तो इसको कुदरती कहर का नतीजा नहीं, आपराधिक मानवीय लापरवाही, भ्रष्टाचार एवं सरकारी धन का दुरुपयोग ही मानना चाहिए। बिहार में सिवान की जिस नदी पर दो पुलों के ढहने की घटना घटी है, वह मृत हो चुकी थी और उसे जल-जीवन हरियाली अभियान के तहत पुनर्जीवित किया गया था। निस्संदेह, इसके लिए राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन सराहना के पात्र हैं। आखिर इस नदी के जिंदा होने से हजारों एकड़ भूमि की सिंचाई को बल मिला है। मगर क्या उसी तंत्र को यह भी नहीं सुनिश्चित करना चाहिए था कि जो पुल जर्जर अवस्था में हैं, उनका विकल्प भी साथ-साथ तैयार किया जाए?

इस तरह बार-बार पुलों का गिरना एवं ध्वस्त होना सरकार में गहरे पैठ चुके भ्रष्टाचार, लापरवाही एवं रिश्वतखोरी को उजागर करता है। आजादी के अमृत-काल में पहुंचने के बाद भी भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, बेईमानी हमारी व्यवस्था में तीव्रता से व्याप्त है, अनेक हादसों एवं





जानमाल की हानि के बावजूद भ्रष्ट हो चुकी मोटी चमड़ी पर कोई असर नहीं होता। ये पुल हादसें एवं ध्वस्त होने की घटनाएं बिहार में सरकारी भ्रष्टाचार के चरम पर होने को ही बल देती है। ऐसा नहीं है कि बिहार में ही ऐसे हादसें हो रहे हैं। गुजरात के मोरबी पुल हादसे को लोग अब भी नहीं भूले हैं। इस हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। सात साल पहले कोलकाता में विवेकानंद पुल के ढहने से 26 लोगों की मौत की घटना भी सबको याद होगी। सिर्फ बिहार में पुलों का यूं ढहते जाना ही चिंता की बात नहीं है, दूसरे तमाम राज्यों से भी चमचम सड़कों पर बनते गड्ढ़ों और नए निर्माण के दरकने की खबरें लगभग रोजाना सुर्खियां बटोर रही हैं। इसलिए बेहतर होगा कि तमाम सार्वजनिक निर्माण में पारदर्शिता, ईमानदारी एवं आधुनिक स्थापित मानकों की गारंटी सुनिश्चित की जाए और इसमें किसी किस्म की कोताही बरतने वाले की जिम्मेदारी तय हो। देश भर में तमाम पुराने पुलों की समीक्षा के साथ-साथ उनके रखरखाव या वैकल्पिक पुल के निर्माण को लेकर ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

इतना तय है कि ये सभी पुल अगर भरभरा कर गिर रहे हैं तो इनकी डिजाइन गलत होने से लेकर उसमें उपयोग होने वाली सामग्री के घटिया होने का भी साफ संकेत है। लेकिन जिस तरह सरकार इन एवं ऐसे पुलों की गुणवत्ता और जोखिम का अध्ययन करा रही थी, क्या उसके निर्माण के दौरान या उससे पहले डिजाइन सहित उसके हर कसौटी पर बेहतर होने के लिए जांच कराना सुनिश्चित नहीं कर सकती थी? यह तय है कि इन पुलों के निर्माण में व्यापक खामियां थीं और वे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गये। सवाल है कि जब सरकार किसी कंपनी को पुल निर्माण की जिम्मेदारी सौंपती हैं, उससे पहले क्या गुणवत्ता की कसौटी पर पूरी निर्माण योजना, डिजाइन, प्रक्रिया, सामग्री, समय-सीमा और संपूर्णता को सुनिश्चित किया जाना जरूरी समझा जाता?

देश में भ्रष्टाचार सर्वत्र व्याप्त है, विशेषतः राजनीतिक एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार ने देश के विकास को अवरूद्ध कर रखा है। यही कारण है कि पुल या दूसरे निर्माण-कार्यों के लिए रखे गए बजट का बड़ा हिस्सा कमीशन-रिश्वतखोरी की भेंट चढ़ जाता है। इसका सीधा असर निर्माण की गुणवत्ता पर पड़ता है। निर्माण घटिया होगा तो फिर उसके धराशायी होने की आशंका भी बनी रहती है। हादसों का एक बड़ा कारण जांच में दोषी और जिम्मेदार ठहराए गए अधिकारियों एवं ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का न होना भी है। बिहार, दिल्ली, मुम्बई, गुजरात हादसों के दोषियों को बचाने के प्रयास भी सबके सामने हुए हैं। हर हादसे के बाद लीपापोती के प्रयास खूब होते हैं। हादसे में मरने वालों के परिजनों को मुआवजा बांटकर ही अपनी जिम्मेदारी पूरी समझने वाली सरकारों को इससे आगे बढ़ना होगा। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर निगरानी रखने की पारदर्शी नीति नियामक केन्द्र बनाने के साथ उस पर अमल भी जरूरी है। विकसित देशों में भी ऐसे हादसे होते हैं, लेकिन अंतर यह है कि भारत में ऐसे हादसों से सबक नहीं लिया जाता। यह प्रवृत्ति दुर्भाग्यपूर्ण है। विडम्बना देखिये कि ऐसे भ्रष्ट शिखरों को बचाने के लिये सरकार कितने सारे झूठ का सहारा लेती है। हादसों की जांच से काम नहीं चलने वाला। ऐसे निर्माण कार्यों में कमीशन-रिश्वतखोरी रोकने पर खास ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि जब ठेकेदार एक बड़ी राशि कमीशन के तौर पर दे देता है, तो फिर वह निर्माण कार्य में भी गुणवत्ता बनाए रखने के प्रति लापरवाह हो जाता है। लापरवाही की परिणति ऐसे हादसों के रूप में सामने आती है। प्रगतिशील कदम उठाने वाले नेतृत्व ने अगर भ्रष्ट व्यवस्था सुधारने में मुक्त मन से सहयोग नहीं दिया तो कहीं हम अपने स्वार्थी उन्माद एवं भ्रष्टता में कोई ऐसा धागा नहीं खींच बैठें, जिससे पूरा कपड़ा ही उधड़ जाए। राजनीति के क्षेत्र में भ्रष्टाचार के मामले में एक-दूसरे के पैरों के नीचे से फट्टा खींचने का अभिनय तो सभी दल एवं नेता करते हैं पर खींचता कोई भी नहीं। रणनीति में सभी अपने को चाणक्य बताने का प्रयास करते हैं पर चन्द्रगुप्त किसी के पास नहीं है। घोटालों और भ्रष्टाचार के लिए हल्ला उनके लिए राजनैतिक मुद्दा होता है, कोई नैतिक आग्रह नहीं। कारण अपने गिरेबार में तो सभी झांकते हैं वहां सभी को अपनी कमीज दागी नजर आती है, फिर भला भ्रष्टाचार से कौन निजात दिरायेगा? ऐसी व्यवस्था कब कायम होगी कि जिसे कोई ह्वरिश्वतह्ण छू नहीं सके, जिसको कोई ह्वसिफारिशह्ण प्रभावित नहीं कर सके और जिसकी कोई कीमत नहीं लगा सके। ईमानदारी अभिनय करके नहीं बताई जा सकती, उसे जीना पड़ता है कथनी और करनी की समानता के स्तर तक। आवश्यकता है, राजनीति के क्षेत्र में जब हम जन मुखातिब हों तो प्रामाणिकता का बिल्ला हमारे सीने पर हो। उसे घर पर रखकर न आएं। राजनीति के क्षेत्र में हमारा कुर्ता कबीर की चादर हो। तभी इन भ्रष्ट पुलों का भर-भराकर गिरना बन्द होगा।

**प्रेषक**
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई. पी. एक्सटेंशन,**

# पुराने ढर्रे पर भाजपा

18वीं लोकसभा के नये-नवेले सत्र का अवसान हो गया है। लोकसभा का 2 जुलाई तथा राज्यसभा का बुधवार को अनिश्चित काल के लिये सत्रावसान हो गया। दोनों ही सदनों में विभिन्न विषयों पर चर्चाएं हुईं और पहले के मुकाबले कहीं अधिक मजबूती के साथ खड़े हुए विपक्ष ने जिस प्रकार से सरकार को घेरा, उससे साफ तौर पर विचलित होते हुए दिखने वाले प्रधानमंत्री मोदी अपने पुराने ढर्रे पर ही लौट आये हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण के विभिन्न पहलुओं और कई ज्वलंत मुद्दों पर उठाये सवालों से बचकर निकलते हुए श्री मोदी फिर से अपनी उन्हीं रणनीतियों के सहारे यह सत्र निकाल ले गये।

2014-19 एवं 2019-24 के अपने पिछले दो कार्यकाल के बाद मोदी जिस प्रकार से खुद के बलबूते बहुमत पाने के ध्वस्त स्वप्नों के साथ तीसरी बार पीएम बनकर लौटे, उससे आशा यह थी कि वे नयी शुरूआत करेंगे। एक ऐसा आगाज जिससे पुराना सारा कसैलापन धुल जाये तथा ऐसा सकारात्मक व्यवहार जो समावेशी राजनीति का नूतन सवेरा देखे। सरकार के दो क्षेत्रीय पार्टियों के सहारे टिके होने के बावजूद मोदी ने अभिभाषण पर अपना जवाब देते हुए जैसे भाषण किये, उससे जाहिर हो गया कि उनका रवैया बदलने वाला नहीं है।

सवाल यह भी है कि जब इस सत्र में ही यह साबित हो चुका है कि अल्पमत में होने के बाद भी मोदी अपनी भारतीय जनता पार्टी की कट्टरता को नहीं छोड़ने जा रहे हैं, तो उनके दोनों प्रमुख समर्थक दल- आंध्रप्रदेश की तेलुगु देसम पार्टी और बिहार की जनता दल (यूनाइटेड) के आगे क्या रास्ता रह जाता है? यह भी कि, इन दोनों दलों के प्रमुख- चंद्रबाबू नायडू तथा नीतीश कुमार भाजपा के चिर-परिचित हिन्दुत्ववादी विमर्श के बीच अपनी क्रमशः धर्मनिरपेक्षता व सामाजिक न्याय की नीति को कैसे बचाएंगे? संसद का सत्र प्रारम्भ हो, उसके पहले मोदी ने मीडिया के समक्ष जब अपने विचार रखे थे, तभी यह एहसास हो गया था कि मोदी बहुत नहीं बदले हैं। तो भी एक आशा बनी हुई थी कि जब वे सदन के भीतर जायेंगे तो अपनी कमजोर स्थिति को वे जरूर महसूस करेंगे। तब शायद उनका रवैया बदलेगा। हालांकि भाजपा ने स्पीकर पद के लिये सहमति की बजाये टकराव का मार्ग चुना तभी से यह धारणा बनती चली गयी कि मोदी समावेशी राजनीति की अवधारणा से अभी भी दूर हैं। अलबत्ता राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान जब विपक्षी नेताओं के हमले हो रहे थे, तब पहली बार प्रधानमंत्री को इतने लम्बे समय तक सदन में बैठे देखा गया। बीच में कुछ मर्तबा वे उठे, अपनी टिप्पणियां भी दीं परन्तु एक शालीन सांसद की भांति वे बर्ताव करते दिखे। जब उनकी बारी आई तो सब कुछ बदल गया। दो घंटे से अधिक समय तक लोकसभा के भीतर दिया उनका भाषण बतला गया कि मोदी का अहंकार तो गया ही नहीं, उका नैरेटिव भी वही है जिसके बल पर वे अब तक अपनी राजनीति करते आये हैं। दोनों ही सदनों में अभिभाषण पर जवाब देते हुए पीएम ने पहले की ही तरह तथ्यों को तोड़-मरोड़कर और अपनी सहूलियत के अनुसार चीजों को व्याख्यायित किया। मसलन, उन्होंने भाजपा व अपने नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस की इस चुनाव में बड़ी जीत बतलाई- इस तथ्य को आसानी से भुलाते हुए कि पहले के 303 सांसदों के मुकाबले अब भाजपा 240 पर सिमट गयी है, उसका 370-400 पार का नारा धज्जियां बनकर हवा में उड़ चुका है। इसके विपरीत उन्होंने कांग्रेस व सहयोगी गठबन्धन 'इंडिया' की चुनावी सफलता को बड़ी पराजय साबित करने की कोशिश की। कांग्रेस की सदस्य संख्या तकरीबन दोगुनी हो जाने या अपने खिलाफ बने व सामने दिख रहे एक मजबूत विपक्षी गठबन्धन को भी वे प्रतिपक्ष की नाकामी सिद्ध करते रहे।

वर्तमान संदर्भों को दरकिनार कर इतिहास में चले जाना मोदी का शगल ही नहीं उनका बचाव भी है। उन्होंने 1975 में इंदिरा गांधी द्वारा लगाई गयी इमरजेंसी को कई बार दोहराया, उसे 'इतिहास का काला पन्ना' बताया। जिस तथ्य को सभी जानते हैं और स्वीकार कर चुके हैं, उसे बार-बार अपने भाषण में लाना यही बतला रहा था कि उनके पास नया कुछ कहने को नहीं है। मजेदार बात यह है कि वे कांग्रेस के सहयोगी दलों को यह कहकर नसीहत भी देते नजर आये कि 'उन्हें कांग्रेस खा जायेगी।'

# आलू, प्याज, टमाटर से तौबा कीजिये

@ राकेश अचल



मुझे आज अपने सूबे यानि मप्र के आम बजट पर लिखना था,लेकिन नींद खुली तो आलू,प्याज और टमाटर सामने खड़े थे। तीनों ने हाथ जोड़कर अनुनय-विनय की कि आज किसी दूसरे विषय पर लिखने के बजाय हम तीनों पर लिख दीजिये। हम तीनों इस देश की हरेक सब्जी मंडी के अमर --अकबर- ?थोनी हैं। हम मामूली लेखक [ यानि हमसे कोई भी पूछ सकता है की - 'आप किस खेत की मूली हैं ?]' इसलिए हमने इन तीनों का आग्रह मान लिया, और आज हमारा विषय ये तीनों कंद-मूल, फल हैं।

भारत में आलू-प्याज और टमाटर कहाँ से और कैसे आये, इस बारे में आपको कोई ज्ञान दने वाला नहीं हूँ। ऐसा करना सियासत की तरह गड़े मुर्दे उखाड़ने जैसा होगा। हमारे लिए ये तीनों हमारे अपने हैं। इन तीनों के बिना भारत में पूरब से पश्चिम तक और उत्तर से दक्षिण तक किसी का भी काम नहीं चलता। जैसे राजनीति में एक समय में बिना लालू के काम नहीं चलता था वैसे ही रसोई में बिना आलू के काम नहीं चलत। लालू जी राजनीति से समय के साथ आउट हो गए लेकिन आलू जहाँ खड़ा था, वही खड़ा है। उसकी कद्र और दाम लगातार घटे -बढ़ते रहते हैं। इस समय आलू हो या प्याज, प्याज हो या टमाटर हार भारतीय को रुला रहे हैं।

संसार में आलू मोहन -जोदड़ो की सभ्यता की तरह पुराना है। कोई 7 हजार साल से दुनिया में उगाया और खाया जा रहा है। हम भारतीय कृतज्ञ हैं पेरू वासियों के जिन्होंने ने इस नायब कंद को मरने नहीं दिया। आलू की पैदाइश के मामले में पेरू विश्व गुरु है। पूरी दुनिया आलू की दीवानी है। पूरी दुनिया में हर साल 315 मिलियन टन आलू पैदा किया जाता है और खाया जाता है। आज भारत में आलू 40 से 50 रुपए किलो के भाव से बिक रहा है। प्रेमचंद के उपन्यास के नायक यदि आज होते तो आलू भून कर खाने के बारे में सोच भी नहीं सकते थे। मेरा ख्याल है कि हमारी सरकार को आलू, टमाटर और प्याज के आसमान छोटे भावों को देखकर देश के उन 90 करोड़ लोगों को मुफ्त में ये शाक त्रयी मुहैया कराना चाहिए जो पांच किलो अन्न पर निर्भर हैं।

प्याज की बात कीजिये तो इसके बिना भी दुनिया में किसी का गुजरा नहीं होता। दुनिया के 170 देश हर साल 90 लाख हैक्टेयर में प्याज पैदा करते है। दुनिया में हर साल 74,250,809 मीट्रिक टन प्याज पैदा की जाती है और खाई जाती है। हमारे यहां प्याज साझा संस्कृति का प्रतीक है। इसे हिन्दू भी खाता है और मुसलमान भी, लेकिन प्याज की खपत की असली वजह ये है की हमारे यहां नया मुल्ले [धर्म गुरु ] आम आदमी से कुछ ज्यादा प्याज खाते है। हमारे यहां प्याज खाई ही नहीं जाती, अपने विरोधियों की प्याज छीली भी जाती है और काटी भी जाती है।

अकेली प्याज ऐसी है जो सस्ती हो या मंहगी काटने वाले को रोने पर मजबूर जरूर करती है। आजकल प्याज भी आलू की तरह 50 रुपए किलो के भाव से मुश्किल से मिल रही है।

घर में आलू और प्याज हो किन्तु टमाटर न हो तो खाने का जायका बनता ही नहीं है। टमाटर लाल हो या पीला या हरा खाया जाता है। टमाटर खाने -पिने के जायकों में खटास पैदा करता है लेकिन टमाटर की खटास कभी रिश्तों को तोड़ती नहीं बल्कि जोड़ती है। टमाटर विश्व वन्धुत्व का सबसे बड़ा उदाहरण है। आप दुनिया के किसी भी हिस्से में जाइये आपको टमाटर किसी न किसी रूप और रंग में मिल ही जायेगा। दुनिया वाले हर साल 186 मिलियन टन टमाटर पैदा कर हजम कर जाते हैं। टमाटर के बिना साग-सब्जीमन सुर्खी ही नहीं आती, यानि 'टमाटर है जहां, सुर्खी है वहां' । दुनिया को टमाटर खाते हुए पांच सौ साल होने वाले है। मैक्सिको से मकराना तक टमाटर की जरूरत होती है। आजकल टमाटर सर सौ रुपए किलो के भाव पर भी उपलब्ध नहीं हैं। आज की तारीख में केवल वे लोग टमाटर खा सकते हैं जो कम से कम लखपति है। आम आदमी के लिए इन दिनों आलू-प्याज और टमाटर एक ख्वाब जैसे हैं।

देश में आजकल बजट का मौसम है। केंद्र से लेकर राज्यों की सरकारें तक अपना-अपना बजट पेश कर रहीं हैं लेकिन किस भी सरकार का आलू, प्याज और टमाटर पर कोई ध्यान नहीं है। सरकार को शायद पता ही नहीं है कि इन तीनों के दाम आसमान छू रहे हैं। कायदे से सरकार को मानसून के सीजन में हर भारतीय को आलू-प्याज और टमाटर पर उसी तरह राज सहायता [सब्सिडी ] देना चाहिए जैसे की रसोई गैस पर दी जाती है। रसोई में गैस हो और आलू-प्याज -टमाटर न हों तो क्या फायदा ? सरकार को आम आदमी की फिक्र कर तत्काल आलू-प्याज और टमाटर खरीदने वालों के लिए राज सहायता की घोषणा करते हुए अध्यादेश जारी कार देना चाहि। मेरी गारंटी है कि अठारहवीं लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी भी सरकार का समर्थन करेंगे। उन्हें इस मुद्दे पर सरकार के साथ खड़े होना ही पडेगा।

मेरी आदत है कि मै दिन भर चाहे टीवी देखूं या न देखूँ किन्तु रात को आठ बजे टीवी जरूर देखता हू। क्योंकि रात 8 बजे अक्सर हमारे देश के प्रधानमंत्री जी राष्ट्र को सम्बोधित करने आते रहते हैं। मुझे आस लगी रहती है कि माननीय प्रधानमंत्री देश की अवाम को महंगे आलू, प्याज और टमाटर से बचने के लिए सब्सिडी की घोषणा करेंगे। कुछ नहीं तो जैसे अनेक प्रदेशों में सरकार खुद शराब बेचती है ठीक उसी तरह सरकारी तौर पर दुकानें खोलकर ये तीनों सामान जनता को मुहैया कर सकती है। सरकार आलू-प्याज और टमाटर की उचित मूल्य की दुकाने खोलकर न केवल यश कमा सकती है बल्कि ऐलोपी के नेताओं का भी बेहतर तरीके से मुकाबला कर सकती हैं।

आपको सच बताऊँ कि जब से देश में आलू-प्याज और टमाटर यानि सब्जी मंडी के अमर,अकबर और ?थोनी के भाव बढ़े हैं मैंने इन तीनों का किफायत से इस्तेमाल शुरू कर दिया है। आलू के साथ कभी पूरा टमाटर इस्तेमाल नहीं करता, आधा ही करता हू। इसी तरह प्याज का इस्तेमाल भी आधा ही रह गया है। लेकिन आलू में ज्यादा कटौती नहीं हो पायी। आलू-प्याज और टमाटर के दामों के आसमान पर पहुँचने के लिए न मोदी जी जिम्मेवार हैं और न राहुल गांधी। इसके लिए जिम्मेदार हैं इंद्र देव। उनके द्वारा की जा रही अतिवृष्टि से ये सब महंगे हुए हैं। हमें अपना वो जमाना याद आ रहा है जब दस पैसे में एक किलो टमाटर आ जाते थे। अब इन तीनों से तौबा करने का समय आ गया है।

# अषाढ़ी अमावस्या में श्रद्धालुओं ने मन्दाकिनी में लगाई डुबकी



रामघाट पर निरीक्षण करते डीएम, एसएसपी व पुलिस के जवान।



स्नान दान के बाद परिक्रमा करते श्राद्वालू।

### भक्तों ने परिक्रमा की, डीएम-एसपी ने मेला का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अशाढ़ माह अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान राम की तपोस्थली चित्रकूट में मंदाकिनी नदी में डुबकी लगाकर कामतानाथ पर्वत की परिक्रमा की। देर रात से सवेरे तक हजारों श्रद्धालुओं ने रामघाट स्थित मंदाकिनी में स्नान को भारी भीड उमडी। दोपहर तक ये भीड लाखों में तब्दील हो गई।

शुक्रवार को मेला निरीक्षण में पहुंचे डीएम शिवरणप्पा जीएन व एसपी अरुण कुमार सिंह ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौसम ने भी आस्थावानों का साथ दिया। काली घटाओं के साये में धूप व उमस भरी गर्मी ने ज्यादा परेशान नहीं किया। पुलिस प्रशासन की ओर से संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे। चित्रकूट में हर माह की अमावस्या का अपना अलग महत्व है।

अशाढ़ माह अमावस्या मेले में भगवान श्रीराम की तपोभूमि में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। अनुमान के अनुसार तीन से पांच लाख श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी नदी में डुबकी लगाई। अमावस्या मेला में देर रात से सवेरे तक हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ रेलवे स्टेशन, बस अड्डे पर उमड़ी थी। रामघाट जाने को लोग आतुर दिखे। आस्थावानों का सैलाब पुण्य की डुबकी लगाने को बेताब दिखा। सवेरे से लेकर दोपहर तक लाखों की तादाद में लोगों ने स्नान किया। विभिन्न राज्यों समेत देश-प्रदेश के कई हिस्सों से आये श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी नदी में डुबकी लगा मत्स्यगयेन्द्रनाथ महाराज का जलाभिषेक किया। भगवान कामतानाथ पर्वत की परिक्रमा लगाई।

जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान माहौल में लाखों की तादाद में श्रद्धालुओं का जत्था भजन-कीर्तन करते नजर आया। वनवास काल दौरान श्रीराम ने जहां कुछ समय बिताया था, वहां जाने को लोग आतुर दिखे। ऐसे धार्मिक स्थानों पर आकर लोगों ने खुद को धन्य माना।

तपोस्थली में हर माह की अमावस्या का विशेष महत्व है। ऐसी मान्यता कई धार्मिक ग्रन्थों में है कि वनवास काल के प्रवास दौरान हर अमावस्या में मंदाकिनी नदी में स्नान कर प्रभु श्रीराम कामदनाथ पर्वत की परिक्रमा करते हैं। लंका विजय बाद अयोध्या जाते समय उन्होंने कामतानाथ पर्वत की परिक्रमा लगाई थी। वरदान दिया था कि प्रत्येक अमावस्या पर मंदाकिनी में स्नान व कामदगिरी पर्वत की परिक्रमा करने से मनुष्य की सारी मनोकामनायें पूरी होंगी व कष्ट दूर होंगे। इसी मान्यता के चलते हर अमावस्या में भारी तादाद में श्रद्धालु यहां आते हैं।

## अषाढ़ी अमावस्या पर विशाल भंडारा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रत्येक अमावस्या की भांति अषाढ़ी अमावस्या पर श्री बालाजी मंदिर पुरानी बाजार कर्वी के सौजन्य से कामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर भरत मिलाप आश्रम में भंडारा हुआ। शुक्रवार को माधव तालाब के बगल में स्थित भरत मिलाप आश्रम में सद्गुरू माधवनाथ महाराज व गुरुदेव मंगलनाथ महाराज की प्रेरणा से प्रत्येक अमावस्या पर बालाजी मंदिर के व्यवस्थापक कृपाशंकर तिवारी व सीमा तिवारी के निर्देश पर भव्य भंडारा होता है। पहले एक वर्ष तक नरसिंह/लक्ष्मण झूला मंदिर में ये भंडारा होता था। बालाजी मंदिर में प्रत्येक रविवार को भरत मिलाप आश्रम में खिचड़ी बांटी जाती है। ये कार्यक्रम बालाजी मंदिर कर्वी-चित्रकूट के पुजारी समेत सभी भक्त मनोयोग से करते हैं।



सम्पूर्णता अभियान के बारे में बताते बीडीओ।

## आकांक्षी ब्लाक रामनगर में बीडीओ ने निकाली रैली

### सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नीति आयोग भारत सरकार ने चार जुलाई से 30 सितंबर तक संपूर्णता अभियान के तहत आकांक्षी ब्लाक रामनगर में शुभारंभ बीडीओ शैलेन्द्र सिंह ने किया।

शुक्रवार को सम्पूर्णता अभियान में सहायक विकास अधिकारी व चिकित्सा अधीक्षक की अगुवाई में सवेरे नौ बजे से ब्लाक मुख्यालय से रामनगर गांव तक संपूर्णता यात्रा रैली निकाली। बीडीओ शैलेन्द्र सिंह, सीएम फेलो धर्मेन्द्र प्रकाश पाण्डेय, चिकित्सा प्रभारी शैलेन्द्र सिंह, सहायक विकास अधिकारी आईएसबी देवकरण कुशवाहा, स्वास्थ्य विभाग की टीम, बीपीएम चंद्र प्रकाश, यूनीसेफ की टीम, सीएचओ समेत स्टाफ व समूह की महिलायें शामिल हुईं। रैली बाद संपूर्णता अभियान बाबत छह संकेत तीन माह में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति की शपथ ली गई। बीडीओ ने गर्भवती महिला की गोद भराई की। आकांक्षी ब्लाक बाबत बीडीओ ने जानकारी दी। आकांक्षी ब्लाक की शुरुवात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी 2023 में की थी। चयनित ब्लॉक रामनगर में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, ग्रामीण विकास, वित्तीय समावेशन, सुरक्षित पेयजल, सामाजिक विकास आदि सेक्टर के पचास अंकों पर नियमित समीक्षा शासन स्तर से हो रही है। नीति आयोग के छह संकेत प्रथम तिमाही में छह पंजीकरण, तीस वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक व्यक्ति का गांव के हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र में मधुमेह व बीपी की जांच, प्रत्येक गर्भवती महिला को पूरक पोषाहार वितरण, सभी स्वयं सहायता समूहों को फंड व किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण से संतृप्त करने को विशेष संपूर्णता अभियान शुरू हो रहा है। जुलाई से सितंबर तक सभी संकेतों को संतृप्त किया जायेगा। सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर का संकल्प है कि ब्लाक रामनगर नीति आयोग की रैंकिंग में शीर्ष पर लायें। सभी कर्मचारियों को टीम भावना से कार्य करने का आवाहन किया। प्रधानमंत्री के आकांक्षी संदेश को लोगों ने सुना।

## डीएम-एसपी ने मेला का भ्रमण कर लिया सुरक्षा का जायजा

### डीएम-एसपी ने श्रद्धालुओं को बांटे बिस्कुट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने एएसपी/नोडल अधिकारी सुरक्षा की मौजूदगी में अषाढ़ माह की अमावस्या मेला के मद्देनजर रामघाट व परिक्रमा मार्ग मेला का भ्रमण कर सुरक्षा का जायजा लिया।



मेला का भ्रमण करते डीएम-एसपी आदि।

शुक्रवार को डीएम-एसपी ने एएसपी के साथ ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारी को पैनी नजर से ड्यूटी करने के निर्देश दिये। कहा कि भीड़ को एक स्थान पर ज्यादा देर तक न रुकने दें। धीरे-धीरे भीड़ को आगे बढाते रहें। डीएम-एसपी ने निर्मोही अखाड़ा पर दर्शन करने आये श्रद्धालुओं को बिस्कुट बांटे। इस मौके पर एसडीएम सदर सौरभ यादव, सीओ सिटी राजकमल, पीआरओ प्रवीण सिंह व अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## आर्यावर्त बैंक शाखा नांदी तौरा में खाताधारकों से होती मारपीट

### आज फिर सफाई कर्मी की हुई पिटाई, सफाई कर्मी व मैनेजर के बीच हुआ समझौता

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लाक के नांदी तौरा गांव स्थित आर्यावर्त बैंक के अधिकारियों-कर्मचारियों के हाल-बेहाल हैं। यहां तैनात स्टाफ आये दिन खाताधारकों से गाली-गलौज व मारपीट आम बात हो गई है। नांदी गांव के बलराम पुत्र मूलचंद ने बताया कि वह आर्यावर्त बैंक शाखा नांदी का खाताधारक है। गांव में सफाई कर्मी है, वह पासबुक लेकर बैंक खाता चेक कराने गया था। सहायक प्रबंधक रुद्रशेखर ने पासबुक फेंककर कहा कि अभी समय नहीं है।




दास्तान बताता पिटा सफाई कर्मी।

शुक्रवार को ये घटना बलराम ने बताई। सहायक शाखा प्रबंधक से पूंछने पर कि कब आऊं, ये सुनते ही सहायक शाखा प्रबंधक भड़क गये। गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर पहले चप्पल से पीटा, फिर कुर्सी उठाकर मारा। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद है। खाताधारक ने थाना पहाड़ी में सहायक शाखा प्रबंधक के खिलाफ तहरीर दी है। कहा है कि जबसे नांदी तौरा शाखा में नये स्टाफ की नियुक्ति हुई है, तभी से जनता के साथ आये दिन शाखा प्रबंधक व स्टाफ तानाशाही व अभद्र बर्ताव हो रहा है। दो सप्ताह पहले बैंक मैनेजर आशीष पटेल ने नांदी के संजय मिश्रा पत्रकार के साथ अभद्रता की थी।

क्षेत्रीय कार्यालय अधिकारी पियूष यादव ने कहा था कि 30 जून तक मौका दें। एक जुलाई को तबादला कर देंगे। आज फिर निंदनीय घटना घट गई। सवाल है कि ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जहां भी जायेंगे, वहीं जनता से अभद्रता करेंगे। बैंक शाखा को बदनाम करने में कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। उच्चाधिकारियों को संज्ञान में लेकर ऐसे बैंक मैनेजर आशीष पटेल व असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर रुद्रशेखर व कर्मचारी पर कार्यवाही करनी चाहिए। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी रीता सिंह ने बताया कि क्षेत्रीय मैनेजर व पहाड़ी शाखा मैनेजर के दखल से दोनों के बीच समझौता हो गया है। असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर रुद्रशेखर ने भविष्य में दुबारा गलती न करने की बात कही है। क्षेत्रीय मैनेजर ने नांदी शाखा की मिल रही शिकायतों पर जल्द कार्यवाही का भरोसा दिया है।

## सोतीपुरवा में सरकारी जमीन पर भू-माफिया के हैं कब्जे

### डीएम से की ग्रामीणों ने कब्जा हटाने की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर तहसील के सोतीपुरवा पराको के जगदीश पुत्र मेडवा, रामसंवारे, वीर कुमार, कलावती, अखिलेश कुमार, चांदबाबू, बाबूलाल, छोटका यादव, मुकेश, अजय कुमार आदि ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में भू-माफियाओं के सरकारी बंजर भूमि पर दबंगई के जोर पर कब्जा कर निर्माण करने की शिकायत की है।

शुक्रवार को राजापुर तहसील के सोतीपुरवा गांव के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि वार्ड छह सोतीपुरवा पराको के मूल निवासी हैं। गाटा संख्या 489 रकबा 113 सोतीपुरवा प्राथमिक विद्यालय के बगल में मेनरोड पर सरकारी भूमि है। इसमें अवसानदीन यादव पुत्र रामपाल यादव ने 2017 में गाटा संख्या 489 में जबरन दबंगई के जोर पर निर्माण करवाया था। अगले हिस्से में पांच कमरे व चहारदीवारी बनवाकर कब्जा कर लिया था। पीछे के हिस्से में चुन्नू पुत्र अवसानदीन यादव, हेमराज, रामराज, छोटेलाल ने भी कब्जा कर लिया है। ये जमीन ग्राम समाज की है।

## एमएनआईटी से जांच बाद खोलें स्काई ग्लास ब्रिजः डीएम

### डीएम ने किया दरारों का निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के वन विभाग के नियंत्रण में तुलसी जलप्रपात के ईको पर्यटन विकास कार्य को अवलोकन डेक का निर्माण कार्य मे पवनसुत कांस्ट्रक्शंस गाजीपुर करा रही है। इसकी लागत तीन करोड़ है। अवलोकन डेक बाबत सोशल मीडिया में स्काई ग्लास ब्रिज में आई दरारें बाबत खबरों पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने संज्ञान लेकर डीएफओ एनके सिंह व लोनिवि निर्माण खंड-1 के अधिशाषी अभियंता कृष्ण कुमार आदि के साथ निरीक्षण किया।



निरीक्षण करते डीएम आदि।

शुक्रवार को डीएम ने अधिकारियों के साथ अवलोकन डेक के निरीक्षण में ढांचा ठीक मिला। बारिश होने से मिट्टी सेटे न होने से अवलोकन डेक की बाहरी सीढ़ी प्लेटफार्म के पास मिट्टी में मामूली दरारें आई हैं। ढांचा फेल नहीं है। अवलोकन डेक अभी तक वन विभाग को हैंडओवर नहीं हुआ। उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व/डीएफओ को निर्देश दिये कि कमियों को ठीक कराने को संबंधित फर्म को नोटिस जारी की जाये। सुरक्षा मानकों के मद्देनजर एमएनआईटी प्रयागराज से जांच कराने के बाद ही पर्यटकों के लिए खोला जाये। डीएफओ को निर्देश दिये कि वन विभाग की देखरेख में क्षेत्रीय अधिकारियों/कर्मचारियों को सचेत करें कि भविष्य में ऐसी कमियां न आयें। इस मौके पर एसडीएम मानिकपुर पंकज वर्मा आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने पुलिस कर्मियों समेत लगाये वृक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एक से सात जुलाई तक जारी वृक्षारोपण अभियान में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कर कमलों से पाकड़ व नीम का पौधा लगाया। पुलिस लाइन परिसर में सीओ लाइन/सीओ सिटी राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण समेत सौ पुलिस कर्मियों ने दो-दो पौधे लगाये। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस कर्मियों से कहा कि इस वर्ष जैसी गर्मी/हीट स्ट्रोक से बचने का एक ही उपाय है कि सभी लोग ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगायें, ताकि खुद को व आने वाली पीढ़ी को गर्मी से बचा सकें। सब लोग अपने घर पर भी वृक्ष लगायें, ताकि पर्यावरण संतुलित रह सके।



वृक्ष लगाते सीओ सिटी।

## नये विद्यालयों में करें शिक्षकों की नियुक्तिः अनिल प्रधान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को नवीन प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति न होने बाबत लिखे पत्र में कहा कि प्राथमिक विद्यालय कोलान बड़ी मडैयन मानिकपुर, प्रावि पुराना बहिलपुरवा मानिकपुर, प्रावि घाटा कोलान ददरीमाफी मानिकपुर, प्रावि नन्हे का डेरा पहाडी, प्रावि महादेव का पुरवा चित्रकूट, प्रावि नया छिवलहा चित्रकूट आदि विद्यालयों का संचालन अप्रैल 2023-24 से हो रहा है। निर्माण प्रभारी विद्यालयों का संचालन कर रहे हैं।



सदर विधायक अनिल प्रधान।

शासन की मंशानुसार बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता अच्छी बनाने को शिक्षकों के बिना सम्भव नहीं है। 28 मई को 12460 नये शिक्षकों की नियुक्ति हुई है। नवीन विद्यालय में पद सृजन अभी तक नहीं हुये। किसकी कारगुजारी से शासन की नीतियों पर पानी फेरा जा रहा है। बच्चों के भविष्य से खिलवाड किया जा रहा है। नवीन विद्यालयों में तत्काल दो-दो शिक्षकों की तैनाती जनहित में आवश्यक है, ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सकें।

## शासन के निर्देश पर लगेंगी चौपलें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीडीओ सुश्री अमृतपाल कौर ने प्रदेश शासन के निर्देश पर प्रत्येक शुक्रवार को प्रत्येक ब्लाक के दो गांवों में चैपाल लगाकर समस्यायें सुनने के क्रम में शुक्रवार को चैपाल लगाई। शुक्रवार को मानिकपुर ब्लाक में चैपाल को नामित जिला स्तरीय अधिकारी उप निदेशक कृषि ने रामपुर कल्याणगढ व कोटा कंदैला में चैपाल में ग्रामीणों की समस्यायें सुनी। उन्होंने विभिन्न तिथियों में जिले के प्रत्येक गांव में छह दिसम्बर 2024 तक चैपाल लगाने के निर्देश दिये।

## बच्चों ने गाजे-बाजे से पौधों की निकाली बारात

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** वन महोत्सव 2024 पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ अभियान के तहत रानीपुर टाइगर रिजर्व से शारदा इंटर कॉलेज भरतकूप के बच्चों ने पौधों की बारात गाजे-बाजे से निकाली। शुक्रवार को पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ अभियान के तहत गांव-गलियों में वृक्ष लगाने को ग्रामीणों को जागरूक किया। बच्चों ने पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान के साथ पौध भंडार व जीवन का एक ही सहारा पर्यावरण-हम सबको प्यारा नारो के साथ लोगों को जागरूक किया। एसडीओ राजीव रंजन सिंह ने कहा कि शासन के आदेश व जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण को जन जागरूकता रैली निकाली गई है। क्षेत्रिय वनाधिकारी नफीस खान, वन दरोगा सुरेन्द्र वर्मा ने आम जनता से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की। इस मौके पर विद्यालय में अधिकारियों ने वृक्षारोपण किया।



वृक्ष लगाते अधिकारी।

## संयुक्त टीम ने भीड-भाड क्षेत्र में की जांच

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एस चेक टीम, डॉग स्क्वॉयड, एलआईयू की संयुक्त टीम ने अशाढ़ माह अमावस्या मेला में सुरक्षा के मद्देनजर रामघाट में जांच की।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में दरोगा एलआईयू शिवसागर तिवारी की अगुवाई में एस चेक टीम बांदा, डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू की संयुक्त टीम ने सुरक्षा के मद्देनजर रामघाट, परिक्रमा मार्ग व भीड-भाड के स्थानों पर जांच की। जांच में टीम को कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति नहीं मिले। ये जांच ऐहतियातन की गई है।



जांच करती बम व डाग एक्पट की टीम।

## यूक्रेन के डोनेस्क प्रांत के चासिव यार शहर पर रूस का कब्जा, जेलेंस्की ने वापस बुलाई सेना

**कीव।** यूक्रेन के डोनेस्क प्रांत का चासिव यार शहर को रूस ने लंबे संघर्ष के बाद जीत लिया है। इस हार के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस शहर से अपनी सेना को वापस बुलाने की घोषणा की है जबकि रूस ने कहा है कि उसने बुधवार रात को शहर को अपने नियंत्रण में ले लिया था। इस प्रकार से करीब 29 महीने से जारी लड़ाई में एक और शहर यूक्रेन के हाथ से निकल गया है। इस युद्ध में रूस अभी तक यूक्रेन के 20 प्रतिशत से ज्यादा भूभाग पर कब्जा कर चुका है। रूसी सेना के कब्जे में आया चासिव यार शहर रणनीतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। इस शहर के हाथ आने से यूक्रेन के दो महत्वपूर्ण शहरों- क्रैमेटोर्स्क और स्लोवियांस्क पर कब्जे की लड़ाई में रूस को आसानी होगी। यूक्रेन ने कहा है कि सैनिकों की सुरक्षा के लिए उन्हें वापस बुलाना बेहतर समझा गया, इसलिए चासिव यार को छोड़ने का निर्णय लिया गया। रूस समर्थक यूक्रेन के विद्रोहियों का डोनेस्क के एक हिस्से पर 2014 से कब्जा है। फरवरी 2022 से छिड़े युद्ध के बाद रूसी सेना ने प्रांत में अपना कब्जा बढ़ाया है।

इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि उनकी सेना की 14 ब्रिगेड के पास लड़ने के लिए पर्याप्त हथियार नहीं है। इसका रूस को लाभ हो रहा है।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उनका एस-350 एयर डिफेंस सिस्टम पश्चिमी देशों की मिसाइलों का पता लगाने और उन्हें आकाश में ही नष्ट करने में सक्षम है।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, आतंकियों को पनाह देने वाले देशों को बेनकाब किया जाए

**अस्ताना।** भारत ने आतंकियों को पनाह देने व उनको सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराकर आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों को खरी खरी सुनाई है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन की (एससीओ) की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए आतंकवाद के मुद्दे पर चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद पर अंकुश नहीं लगाया गया तो यह क्षेत्रीय एवं वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। इस अवसर पर जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भाषण पढ़ा। इसमें उन्होंने याद दिलाया कि आतंकवाद से लड़ाई एससीओ के मूल उद्देश्यों में से एक है।

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एवं अन्य नेताओं की उपस्थिति में उन्होंने कहा, 'हममें से कई लोगों को ऐसे अनुभव हुए हैं, जो अक्सर हमारी सीमाओं से परे होते हैं। हमें यह स्पष्ट होना चाहिए कि अगर इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो यह क्षेत्रीय व वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। आतंकवाद को किसी भी रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता।'

एस. जयशंकर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उन देशों को अलग-थलग व बेनकाब करना चाहिए जो आतंकियों को पनाह देते हैं, उन्हें सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराते हैं और आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। उनका इशारा स्पष्ट रूप से पाकिस्तान और उसके सदाबहार मित्र चीन की ओर था। उन्होंने आगे कहा, सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की जरूरत है और आतंकवाद के वित्तपोषण एवं आतंकियों की भर्ती से दृढ़ता से निपटा जाना चाहिए। एससीओ को अपनी प्रतिबद्धता से पीछे नहीं हटना चाहिए। इस संबंध में हम दोहरे मापदंड नहीं अपना सकते।" साथ ही कहा कि पिछले वर्ष भारत की अध्यक्षता के दौरान इस विषय पर जारी संयुक्त बयान नई दिल्ली की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

जयशंकर ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को लेकर चीन पर निशाना साधते हुए कहा, आर्थिक विकास के लिए मजबूत कनेक्टिविटी की आवश्यकता होती है। यह हमारे समाजों के बीच सहयोग और विश्वास का मार्ग भी प्रशस्त कर सकती है। कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान आवश्यक है। इसी तरह गैर-भेदभावपूर्ण व्यापारिक अधिकार और पारगमन व्यवस्था भी आवश्यक है। एससीओ को इन पहलुओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है।

विदेश मंत्री ने साथ ही यह भी कहा, यह शिखर सम्मेलन महामारी के प्रभाव, जारी संघर्षों, बढ़ते तनाव, विश्वास की कमी और दुनियाभर में हॉटस्पाट की बढ़ती संख्या की पृष्ठभूमि में हो रहा है। इन घटनाओं ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों और वैश्विक आर्थिक विकास पर महत्वपूर्ण दबाव डाला है। इस सम्मेलन का उद्देश्य इन घटनाक्रमों के परिणामों को कम करने के लिए साझा आधार तलाशना है।

## हिजबुल्ला के रॉकेटों की बौछार के जवाब में इजराइल के सोनिक बूम से गूंजा लेबनान

**बेरूत।** लेबनान के हिजबुल्ला समूह ने वरिष्ठ कमांडर मोहम्मद नामेह नासिर की मौत के जवाब में बृहस्पतिवार को इजराइल के कई सैन्य ठिकानों पर रॉकेट और ड्रोन से हमला बोला। हिजबुल्लाह ने दावा किया कि उसने एक घंटे में 200 रॉकेट दागे। ईरान समर्थित आतंकी समूह का हमला लेबनान-इजराइल सीमा पर महीनों तक चले संघर्ष में सबसे बड़े हमलों में से एक है। हताहतों की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं है। वहीं इजराइल ने जवाबी हमला करते हुए सोनिक बूम की गूंज से पूरा लेबनान सहम गया।

हिजबुल्ला ने कहा है कि अगर हमास और इजराइल के बीच संघर्ष विराम होता है तो वह अपने हमले रोक देगा। हिजबुल्ला हमले के बाद इजराइल ने भी दक्षिणी लेबनान के विभिन्न शहरों पर हमला बोला। इजराइली सेना ने कहा कि उसने दक्षिणी सीमावर्ती कस्बों रामयेह और होउला में उसके ठिकानों पर हमला बोला है। लेबनान की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने बताया कि इस बीच इजराइली जेट विमानों की सोनिक बूम कई क्षेत्रों में सुनाई दी।इजराइली सरकार के एक अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि हमास के साथ बंधक रिहाई समझौते पर बातचीत के लिए एक प्रतिनिधिमंडल भेजा गया है। हमास द्वारा चरणबद्ध संघर्ष विराम के लिए अमेरिका समर्थित प्रस्ताव पर एक नई प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने के एक दिन बाद आया है।इस बीच, गाजा में संभावित युद्धविराम समझौते पर हमास की नई स्थिति पर चर्चा के लिए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपनी सुरक्षा कैबिनेट बैठक बुलाने वाले हैं। बैठक से पहले वह युद्धविराम वार्ता टीम के साथ परामर्श भी करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा मई के अंत में सार्वजनिक किए गए एक प्रस्ताव पर इजराइल को बुधवार को हमास की ओर से प्रतिक्रिया मिली है, जिसमें गाजा में रखे गए लगभग 120 बंधकों की रिहाई और फलस्तीनी क्षेत्र में युद्धविराम शामिल होगा।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## ऋषि सुनक ने जनादेश स्वीकारा, राष्ट्र के नाम संबोधन में कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई



**लंदन।** ब्रिटेन के आम चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी की करारी हार को स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपने छोटे कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं और कहा कि उन्होंने मतदाताओं के गुस्से, निराशा और बदलाव की इच्छा को भी सुना है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास 10, डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर आज उन्होंने देश को संबोधित किया। इस मौके पर उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति भी मौजूद रहीं। सुनक ने प्रधानमंत्री पद से अपने इस्तीफे की पुष्टि करते हुए कहा- 'देश से मैं सबसे पहले कहना चाहूंगा कि मुझे खेद है। आपने स्पष्ट संकेत दिया है कि यूनाइटेड किंगडम की सरकार को बदलना होगा। आपका ही निर्णय मायने रखता है। मैंने आपका गुस्सा और आपकी निराशा सुनी है। मैं इसकी जिम्मेदारी लेता हूं।'उन्होंने कहा कि उत्तराधिकारी के चयन की व्यवस्था हो जाने के बाद वे कंजर्वेटिव नेता के रूप में पद छोड़ देंगे। ऐसी संभावना है कि पार्टी केवल 121 से अधिक सीटें जीत पाएगी, जो पार्टी के इतिहास में सबसे खराब परिणाम है।

कीर स्टार्मर की शानदार जीत पर बधाई देते हुए सुनक ने कहा, 'मैं उन्हें और उनके परिवार को शुभकामनाएं देता हूं। चुनाव में हमारी चाहे जो भी असहमति रही हों, वह सभ्य, सार्वजनिक-उत्साही व्यक्ति हैं। उनका मैं सम्मान करता हूं। उम्मीद है कीर और उनका परिवार इस इमारत के दरवाजे के पीछे नए जीवन में बड़ा परिवर्तन महसूस करेंगे।'

सुनक ने कहा अब हमें देश के पुनर्निर्माण के लिए विपक्ष में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। उन्होंने पार्टी उम्मीदवारों और प्रचारकों से माफी भी मांगी। कहा, 'मुझे आपकी उम्मीदों के अनुरूप परिणाम नहीं दे पाने का खेद है। यह सोचकर दुख होता है कि उनके कुछ अच्छे सहयोगी अब हाउस ऑफ कॉमंस में नहीं बैठेंगे।'

देश को संबोधित करने से पहले ऋषि सुनक परंपरा के अनुरूप सम्राट से मिलने बकिंघम पैलेस पहुंचे। ब्रिटेन के पहले ब्रिटिश-एशियाई प्रधानमंत्री के रूप में अपनी ऐतिहासिक उपलब्धि का उल्लेख करते हुए सुनक ने कहा, 'ब्रिटेन के बारे में सबसे विशेष बात यह है कि मैं दादा-दादी के आने के दो पीढ़ियों के बाद भी सामान्य व्यक्ति से प्रधानमंत्री के पद तक पहुंच सका। मैंने अपनी दो बेटियों को डाउनिंग स्ट्रीट की सीढ़ियों में दीपावली पर मोमबत्तियां जलाते हुए देखा। हमें ब्रिटेन के दयालुता, शालीनता और सहिष्णुता के दृष्टिकोण को कभी नहीं भूलना चाहिए।'

उल्लेखनीय है कि भारतीय मूल के ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने उत्तरी इंग्लैंड में रिचमंड एवं नॉर्थलेरटन सीट पर 23,059 वोट के अंतर के साथ दोबारा जीत हासिल की है। मगर वह देश में 14 साल की सरकार के बाद अपनी पार्टी को दोबारा जीत हासिल कराने में विफल रहे।

## ब्रिटेन में लेबर पार्टी ने कंजर्वेटिव से छीना राजपाट, प्रधानमंत्री के रूप में कीर स्टार्मर आज करेंगे देश को संबोधित



**लंदन।** ब्रिटेन के आम चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर लेबर पार्टी सरकार बनाने जा रही है। लेबर पार्टी के अध्यक्ष कीर स्टार्मर ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री होंगे।

650 संसदीय सीटों के लिए हुए मतदान में लेबर पार्टी ने अब तक 412 सीट और प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी ने 120 सीट हासिल की हैं। बाकी सीटों पर अन्य छोटे दलों के उम्मीदवार विजयी हुए हैं। इस चुनाव में कुल 392 पंजीकृत पार्टियां रहीं लेकिन मुख्य मुकाबला ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव और मुख्य विपक्षी नेता कीर स्टार्मर की लेबर पार्टी के बीच हुआ। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार अब 17 सीटों के नतीजे आने ही शेष हैं। वर्ष 1997 में तत्कालीन प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर के नेतृत्व में लेबर पार्टी ने कुछ ऐसा ही प्रदर्शन किया था। उसे कीर स्टार्मर ने दुहरा दिया। कीर स्टार्मर आज दोपहर प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्र को संबोधित करेंगे।

?उम्मीद है कि ऋषि सुनक प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए बकिंघम पैलेस जाने से पहले 10, डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर एक बयान देंगे।

## बंगाल में निवेश को प्रोत्साहित किया जाना बहुत जरूरी - निलेश शाह




**कोलकाता।** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के अंशकालिक सदस्य नीलेश शाह ने कहा कि बंगाल में सट्टा कारोबार पर अंकुश लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसके लिए दीर्घावधि के लिए निवेश की प्रवृत्ति विकसित करने के लिए कदम उठाने की जरूरत है। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शाह ने इस बात पर जोर दिया कि किस प्रकार दीर्घकालिक पूंजी निवेश खुदरा निवेशकों और भारतीय कंपनियों के लिए धन सृजन कर सकता है। शाह ने कहा, हमें (सट्टा) कारोबार को हतोत्साहित करना चाहिए ताकि निवेश को बढ़ावा मिले। लोग पैसा खो देते हैं। यदि सरकार वायदा व विकल्प या सट्टा कारोबार के लिए उच्च कराधान पर विचार कर रही है, तो यह सही कदम होगा।ÿÿ दूसरी ओर, शाह अनेक चुनौतियों के बावजूद देश की वृद्धि गति, इसकी अपार संभावनाओं और अवसरों के प्रति आशावादी हैं।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को दिए गए अपने बजट-पूर्व ज्ञापन में एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंजेज मेंबर्स ऑफ इंडिया (एएनएमआई) के अध्यक्ष विनोद कुमार गोयल ने सुझाव दिया कि लेनदेन (गैर-डिलीवरी आधारित) से होने वाली आय/हानि (जो उसी दिन चुकता कर दी जाती है) को व्यवसाय आय के बराबर माना जाना चाहिए। सट्टा आय नहीं।

## नेपाल के गृहमंत्री के केस में सुप्रीम कोर्ट के दो जजों में मतभेद, अब बड़ी बेंच से आएगा फैसला

**काठमांडू।** नेपाल के बहुचर्चित सहकारी घोटाले में फंसे उप प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री रवि लामिछाने को बर्खास्त किए जाने की रिट पर सुनवाई के बाद फैसले पर जजों में मतभेद हो गया। इसलिए अब यह फैसला बड़ी बेंच (तीन जजों की बेंच) से आएगा। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस सपना प्रधान मल्ल और जस्टिस सारंगा सुवेदी की लामिछाने को पदमुक्त किए जाने के बारे में अलग अलग राय होने से यह मामला अब तीन जजों की बेंच में चला गया है। जस्टिस सपना प्रधान मल्ल का कहना था कि रवि लामिछाने के पद पर रहते केस प्रभावित हो सकता है। इसलिए उन्हें पदमुक्त किया जाना चाहिए। जस्टिस सारंगा सुवेदी का कहना था कि उप प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति को नैतिकता के आधार पर पद छोड़ना चाहिए।

## ब्रिटेन के रक्षामंत्री ग्रांट शैप्स चुनाव हारे



**लंदन।** ब्रिटेन के आम चुनाव के अब तक आए नतीजे मौजूदा प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के नेतृत्व में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी को बेदखल करते नजर आ रहे हैं। लेबर पार्टी अब तक 266 सीटें जीत चुकी है। कंजर्वेटिव पार्टी के खाते में 47 सीट गई हैं। किसी भी पार्टी को बहुमत के लिए कुल 650 सीटों में से 326 सीट चाहिए। ब्रिटेन के रक्षामंत्री ग्रांट शैप्स चुनाव हार गए हैं। अब तक आए नतीजों में ब्रिटेन की जनता सत्ता में बड़ा बदलाव करती दिख रही है। लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने कहा कि मतदाताओं ने अपना फैसला सुना दिया है। कंजर्वेटिव पार्टी की मंत्री पेनी मोर्डेंट भी अपनी संसदीय सीट को नहीं बचा पाईं। ब्रिटेन के रक्षामंत्री ग्रांट शैप्स चुनाव हारने वाले सबसे वरिष्ठ कंजर्वेटिव कैबिनेट सदस्य बन गए हैं। शैप्स को लेबर पार्टी के एंड्रयू लेविन ने दक्षिणी इंग्लैंड के वेल्विन हैटफील्ड निर्वाचन क्षेत्र से हराया। लेविन को 19,877 और शैप्स को 16,078 वोट मिले। इस चुनाव में ग्रीन पार्टी का खाता खुला है। ग्रीन पार्टी के कार्ली डेनियर ने ब्रिस्टल सेंट्रल सीट पर जीत दर्ज की है। उन्होंने लेबर पार्टी के उम्मीदवार को हराया।

## ऑस्ट्रेलिया के संसद भवन में फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा का उल्लंघन कर बैनर फहराए

**कैनबरा :** ऑस्ट्रेलिया के संसद भवन में फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा का उल्लंघन कर गुरुवार को छत से बैनर फहराए. इससे पहले एक ऑस्ट्रेलियाई सीनेटर ने गाजा युद्ध पर सरकार के निदेशों को लेकर इस्तीफा दे दिया था.

पांच सप्ताह के अवकाश से पहले संसद की अंतिम बैठक में हमास के खिलाफ इजरायल के युद्ध को लेकर तनाव हावी रहा. चार प्रदर्शनकारियों को एक घंटे से अधिक समय तक इमारत के अग्रभाग पर 'युद्ध अपराध' और 'नरसंहार' के साथ-साथ फिलिस्तीनी रैली के नारे 'नदी से समुद्र तक, फिलिस्तीन स्वतंत्र होगा' को फहराने के बाद गिरफ्तार किया गया, जिसे ग्रेट वेरंडाह के नाम से जाना जाता है.

इमारत के अंदर, अफगानिस्तान में जन्मी सीनेटर फातिमा पेमैन, जो बैठकों के दौरान हिजाब पहनने वाली एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई संघीय विधायक हैं, ने घोषणा की कि उन्होंने गाजा पर पार्टी लाइन का पालन करने से इनकार करने पर सत्तारूढ़ लेबर पार्टी छोड़ दी है.

पेमैन ने संवाददाताओं से कहा कि मेरा परिवार युद्धग्रस्त देश से भागकर शरणार्थी के रूप में इसलिए यहां नहीं आया है ताकि मैं जब निर्दोष लोगों पर अत्याचार होते देखूं तो चुप रहूं. उन्होंने कहा कि हमारे समय के सबसे बड़े अन्याय के प्रति हमारी सरकार की उदासीनता को देखकर मुझे पार्टी की दिशा पर सवाल उठता है.

पहली बार सीनेटर बनीं फातिमा ने पिछले सप्ताह एक छोटी पार्टी के प्रस्ताव का समर्थन करके अपने सरकारी सहयोगियों की अवहेलना की. जिसमें सीनेट से 'फिलिस्तीन राज्य को मान्यता देने' की मांग की गई थी. ऑस्ट्रेलिया फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता नहीं देता है. नीति में कहा गया है कि सरकार दो-राज्य समाधान के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें इजरायल और भविष्य का फिलिस्तीनी राज्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर शांति और सुरक्षा के साथ सह-अस्तित्व में रह सकते हैं. पेमैन स्वतंत्र सांसद के रूप में सीनेट में बनी रहेंगी. 2022 में प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के प्रशासन के चुने जाने के बाद से वह छोड़ने वाली पहली सरकारी सांसद हैं।

## 10, डाउनिंग स्ट्रीट को कीर स्टार्मर का इंतजार, अभाव में गुजरा कुछ समय, पढ़ाई का खर्च भी दूसरे ने उठाया

**लंदन।** ब्रिटेन के आम चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली लेबर पार्टी के अध्यक्ष कीर स्टार्मर के जीवन का कुछ समय अभाव में गुजरा। यहां तक की कि उनकी पढ़ाई का खर्च किसी दूसरे ने उठाया है। इस समय उनकी उम्र 61 वर्ष है। वह ब्रिटेन के अगले प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। 10, डाउनिंग स्ट्रीट (ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का आधिकारिक आवास) को उनका इंतजार है।

कीर स्टार्मर ने कहा है कि वह उन लोगों के लिए भी काम करेंगे, जिन्होंने उन्हें वोट नहीं दिया है। उन्होंने कहा, "मैं हर शख्स के हितों के लिए काम करूंगा।" स्टार्मर ने मतदाताओं से कहा, "मैं आपके लिए बोलूंगा। हर दिन आपके लिए लड़ूंगा। बदलाव के लिए तैयार हूं। बदलाव अब शुरू हो रहा है। ये आपका लोकतंत्र है। आपका समुदाय और आपका भविष्य है। आपने वोट दिया है और अब नतीजे देने का समय हमारा है।"

सनद है कि कीर स्टार्मर विपक्ष का नेता बनने से पहले 2008 से 2013 के बीच इंग्लैंड और वेल्स में वकील रह चुके हैं। कीर स्टार्मर चार साल से विपक्ष के नेता हैं और उन्हें अपनी लेबर पार्टी को वामपंथी रुझान से राजनीतिक रूप से मध्य मार्ग पर लाने का श्रेय दिया जाता है। स्टार्मर का संसदीय क्षेत्र साल 2015 से हॉबर्न और सेंट पैनक्रास है। स्टार्मर स्वयं को वर्किंग क्लास की पृष्ठभूमि से बताते हैं।



उनके पिता टूलमेकर और उनकी मां नर्स रही हैं। मां को स्टिल्स रोग था। यह एक दुर्लभ ऑटोइम्यून बीमारी है। कीर ने रीगेट ग्रामर स्कूल में पढ़ाई की है। 16 साल की उम्र तक उनकी फीस एक स्थानीय परिषद भरता था। स्कूल के बाद यूनिवर्सिटी जाने वाले वह अपने परिवार के पहले सदस्य बने और लीड्स यूनिवर्सिटी में दाखिला लिया। उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में कानून की पढ़ाई की।

वह 1987 में बैरिस्टर बने। मानवाधिकार कानून में उनकी विशेषज्ञता है। अपने काम के सिलसिले में वो कैरिबिया और अफ्रीका में रहे। वहां उन्होंने मौत की सजा का सामना कर रहे कैदियों का केस लड़ा। 1997 में उन्होंने तथाकथित मैक्लिबेल कार्यकताओं का केस मुफ्त में लड़ा।

साल 2008 में कीर डॉयरेक्टर ऑफ पब्लिक प्रॉसिक्यूशन चुने गए। यह इंग्लैंड और वेल्स में सबसे वरिष्ठ क्रिमिनल प्रॉसिक्यूटर का पद है। साल 2015 में वो उत्तरी लंदन में हॉबर्न और सेंट पैनक्रास से सांसद बने। उन्होंने पूर्व में लेबर पार्टी के नेता जर्मी कॉर्बिन की फ्रंटबेंच टीम में उनके ब्रेग्जिट सचिव के रूप में काम किया। ब्रेग्जिट यूरोपियन यूनियन से ब्रिटेन को अलग करने की प्रक्रिया थी। वर्ष 2019 के आम चुनाव में पार्टी की भारी पराजय के बाद कीर स्टार्मर 2020 में पार्टी अध्यक्ष बने। अध्यक्ष चुने जाने के बाद उन्होंने कहा था कि वो लेबर को "विश्वास और आशा के साथ एक नए युग में ले जाएंगे।" ...और ऐसा उन्होंने कर दिखाया।